श्रावण शुक्ल पक्ष दशमी, संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09 , अंक - 32 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

04 अगस्त 2025 सोमवार

आज का मौसम

26 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## सावन के आखिरी सोमवार पर शिवालयों में भक्तों की कतार



**भोपाल/उज्जैन, एजेंसी**

आज श्रावण मास के अंतिम सोमवार को मप्र समेत देश के सभी शिवालयों, में भक्तों की कतार लगी हैं। उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर से आज श्रावण मास की आखिरी सवारी निकलेगी। भक्तों को भगवान महाकाल के एक साथ चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर, श्यामू हाथी पर मनमहेश, गरुड़ रथ पर शिव तांडव तथा डोल रथ में उमा महेश रूप में दर्शन होंगे। वाराणसी मंदिर में भी भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं। झारखंड में देवघर में



भोपाल के बड़वई स्थित महादेव मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण

श्रध्दालु सड़कों पर कमर तक भरे पानी की परवाह न करके दर्शन के लिये पहुंच रहे हैं।

## कांवड़ियों की वैन करंट की चपेट में आई, 5 श्रद्धालुओं की मौत

भागलपुर। एक भीषण हादसे में पांच कांवडियों की मौत हो गई जबकि चार की हालत गंभीर है। यह घटना शाहकुंड-सुल्तानगंज सड़क पर बेलथू के महतो स्थान के पास हुई है। बताया जा रहा है कि टेम्पो को ओवरटेक कर आगे बढ़ने के चक्कर में पिकअप वैन के चालक को बिजली का तार नहीं दिखा। पिकअप वैन बिजली के तार के संपर्क में आ गई। देखते ही देखते पूरी गाड़ी में करंट फैल गया। इस सवार यात्री फौरन 30 फिट नीचे पानी में कूद गए और गाड़ी भी इनके ऊपर गिर गई। हादसा इतना भीषण था कि पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जमकर बवाल किया व शाहकुंड थाने के मेन गेट पर शवों को रखकर हंगामा करने लगे।

### मप्र विस में आदिवासियों की जमीन,वन अधिकार आवेदनों पर तीखी बहस

# सरकार ने सबसे ज्यादा पट्टे बांटे: सीएम

# आदिवासियों की जमीन छीन रहे: कांग्रेस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र दो दिन के अवकाश के बाद आज फिर शुरू हुआ तो आदिवासी जिलों में वन अधिकार के दावेदारों के आवेदनों को खारिज किए जाने के मुद्दे पर सत्तापक्ष व विपक्ष आमने सामने आ गये। कांग्रेस ने कड़े तेवर दिखाने के संकेत पहले दे दिये थे। नियम 138 के तहत नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,अजय सिंह और हिरालाल अलावा ने वन अधिकार कानून से जुड़ी निरस्त याचिकाओं के कारण उत्पन्न हालात को लेकर सरकार का ध्यानआकर्षित किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस पर आदिवासियों को जमीन के पट्टे न देने का आरोप लगाया व कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक 26 हजार से अधिक पट्टे देकर आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाया है। वहीं तीखी बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि सरकार जंगलों को आदिवासियों से छीनकर निजी हाथों में देना चाहती है। उन्होंने पौधारोपण घोटाले और पट्टा रद्दीकरण की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। सिंघार ने वन विभाग से डेटा की पारदर्शिता पर प्रश्न किया और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला देते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने आदिवासियों पर अत्याचार का आरोप भी लगाया। उधर मंत्री विजय शाह ने कहा कि वन भूमि पर पट्टों के फैसले अब सैटेलाइट इमेज से लिए जाएंगे, जो दिसंबर 2005 की स्थिति को दर्शाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इससे स्पष्ट होगा कि उस समय जमीन पर किसका कब्जा था और किसे पट्टा दिया जाना है.





### कई विधेयक भी पेश होंगे

सरकार की ओर से सदन में भोपाल-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र समेत छह महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन में पेश किया जा रहा है। इन विधेयकों में भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विधेयक शामिल है। इसके तहत भोपाल के आसपास के विदिशा, सीहोर और राजगढ़ जिलों तथा इंदौर, देवास और उज्जैन के कुछ क्षेत्रों को मिलाकर एक विस्तारित मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र घोषित करने की योजना है। इसका उद्देश्य शहरी विकास और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

### नो हेलमेट नो पेट्रोल

उधर परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने बिना हेलमेट वाहनचालकों को पेट्रोल नहीं देने के मामले में कहा कि कुछ चीजें सामाजिक स्तर पर भी जरूरी होती हैं। वहीं प्रश्नकाल में भाजपा विधायक संदीप जायसवाल ने खाद की कमी को लेकर सवाल उठाया तो कृषि मंत्री ऐदल सिंह कसना ने कहा कि खाद की कहीं भी कमी नहीं है। सभी जगह किसानों को खाद मिल रहा है। श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा जनपद पंचायत बनाने के सवाल पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि मैहर में नई जनपद पंचायत गठन की प्रक्रिया चल रही है। प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग इसके बारे में बताएगा व आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाढ़ व अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर सीएम

मप्र में भारी बारिश से बिगडे हालात मानसून की थोडी राहत के बाद भी पूरी तरह नहीं सुधर सके हैं। आज मुख्यमंत्री मोहन यादव इन हालातों का जायजा लेने गुना व शिवपुरी जिलों के बाढ़ एवं अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर निकल रहे हैं। वे मौके पर ही राहत कार्यों की समीक्षा करेंगे। बताया जाता है कि सीएम दोनों जिलों के कई गांवों में पहुंचेंगे और प्रभावित क्षेत्रों में लोगों से अफसरों से चर्चा करेंगे। हाल में उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के शीघ्र सर्वे पूरा करने के निर्देश दिये थे। सरकार अब तक 25 करोड की राहत दे चुकी है।

### आज 8 जिलों में बारिश

इधर मध्यप्रदेश के उत्तरी हिस्से ग्वालियर-छतरपुर समेत 8 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में बीती रात भी बारिश हुई। उधर, उत्तरप्रदेश की यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से एमपी के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर रही। भोपाल व आसपास के इलाकों में बारिश से राहत है।

### सान्याल ने कहा- ऑनलाइन सिस्टम ही समस्या का हल नहीं

## अपना पैसा नहीं निकाल पा रहे लोग, 90 हजार करोड़ अटके

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिग्गज अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने फाइनेंशियल गवर्नेंस में कमियों को लेकर मार्के की बात कहीं है। उनके मुताबिक भारत सब कुछ ऑनलाइन कर रहा है लेकिन, पुरानी और उलझी हुई सरकारी प्रक्रियाओं के कारण लोगों को अपने ही पैसे निकालने में दिक्कतें हैं। पुराने सरकारी तरीके लोगों को उनकी बचत तक पहुंचने में मुश्किल पैदा कर रहे हैं। ईपीएफओ में फंसी 90,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इसी का नतीजा है।

एक पॉडकास्ट में सान्याल ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में 90हजार करोड़ रुपये से ज्यादा फंसे हैं। इसकी वजह पैसा निकालने का मुश्किल तरीका ही है। लोगों को अपना पैसा निकालने के लिए 25 अलग-अलग कदम उठाने पड़ते हैं और लोग बीच में ही अटक जाते हैं। नतीजा यह कि कुछ दलाल पैदा हो गए हैं जो लोगों से इस काम के




लिए 20 प्रतिशत तक कमीशन लेते हैं। सान्याल के अनुसार, सिर्फ टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल काफी नहीं है। यह भी जरूरी है कि पूरी प्रक्रिया को आसान बनाया जाए। सान्याल ने कहा कि सिर्फ टेक्नोलॉजी से खराब सिस्टम को ठीक नहीं किया जा सकता। पुरानी सरकारी प्रक्रिया को ऑनलाइन करना सुधार नहीं है। उन्होंने शेयर के बारे में बात की और कहा कि अगर किसी के परिवार में किसी की मौत हो जाती है या कोई कागजात खो जाते हैं तो उनके लिए अपने पैसे या शेयर वापस पाना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

## परिवहन निरीक्षक पर छापे में मिले 44 प्लाट व तीन किलो सोना-चांदी



**भुवनेश्वर,एजेंसी।** सरकारी मोटर वाहन निरीक्षक अपनी सैलरी से 44 प्लॉट, एक किलो सोना, दो किलो चांदी और सवा करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस जोड़ लिया,यह खुलासा ओडिसा के सतर्कता विभाग ने किया है। अब विभाग बौध जिले में तैनात गोलाप चंद्र हांसदा के पास मिली अकूत संपत्तियों के स्त्रोत पता करने में जुटा है। विभाग ने एक गोपनीय शिकायत पर कार्रवाई करते हुए हांसदा के छह ठिकानों पर छापेमारी की, जिसके बाद उनकी वास्तविक संपत्ति सामने आई। सरकारी दस्तावेजों और फिजिकल वेरिफिकेशन में जो आंकड़े सामने आए, उसे देखकर छापा मारने वाले अधिकारियों की आंखें फटी रह गई। जांच टीम को 2.38 लाख कैश, और एक डायरी भी मिली है जिसमें कथित तौर पर बेनामी संपत्ति के लेन-देन का पूरा ब्यौरा दर्ज है। डायरी में यह भी खुलासा हुआ कि हांसदा ने अपनी बेटी की मेडिकल की पढ़ाई पर 40 लाख रुपए खर्च किए हैं।

### मामला चीन द्वारा जमीन कब्जाने वाले बयान का

## राहुल को कोर्ट की फटकार व मानहानि मामले से राहत

**नई दिल्ली एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा - आपको कैसे पता कि चीन ने भारत की जमीन हड़पी है। अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो ऐसी बातें नहीं कहेंगे।' दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 9 दिसंबर,22 को भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच झड़प के बाद भारतीय सेना पर उनकी कथित टिप्पणी को लेकर यह बात कही। राहुल ने कथित तौर ये कमेंट 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान किया था। कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने को लेकर दिए गए इस बयान को गैर-जिम्मेदाराना माना व कहा कि जब सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति है, तब विपक्ष के नेता को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था।

उल्लेखनीय है कि राहुल की टिप्पणी पर उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया। शीर्ष कोर्ट ने आज सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर



कब्जा कर लिया है क्या कोई दस्तावेज हैं 8, विश्वसनीय जानकारी क्या है अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते कोर्ट ने कहा कि आपके पास भले ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन एक सच्चे भारतीय के तौर पर सेना को लेकर क्या ऐसी टिप्पणी करनी चाहिए हालांकि बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता के तौर पर वह ये सब नहीं कह सकते, तो इसका क्या नतीजा निकलेगा हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने राहुल गांधी को मानहानि केस में राहत भी प्रदान की व निचली अदालत में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

## संसद के पास महिला सांसद की चेन झपटी

**नई दिल्ली एजेंसी।** आज सुबह दिल्ली के चाणक्यपुरी क्षेत्र से एक महिला सांसद के साथ



चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई। इसके चलते हडकंप मच गया है। पुलिस आसपास के तमाम सीसीटीवी फुटेज तलाश रही है। जहां चेन स्नैचिंग की ये वारदात हुई वह संसद भवन से कुछ ही दूरी स्थित है। इस वक्त मानसून सत्र के चलते पूरे क्षेत्र में सुरक्षा भी काफी कड़ी है। बताया जाता है कि कांग्रेस की महिला सांसद आर.सुधा इस क्षेत्र के तमिलनाडु भवन में रह रही हैं। आज सुबह 6 बजे वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलीं थी। इसी दौरान सड़क पर बाइक सवार बदमाश ने उनकी सोने का चेन गले से खींची और फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है। इस घटना में सांसद को चोट भी आई है।

## महिला के लिवर में पल रहा बच्चा, डॉक्टर भी हैरान

**बुलंदशहर।** उप्र में गर्भ का ऐसा मामला सामने आया है कि डॉक्टर्स भी चौंक गए। बुलंदशहर जिले की एक महिला का बच्चा उसके गर्भ में नहीं बल्कि लीवर में पल रहा है। मेडिकल साइंस से जुड़े एक्सपर्ट्स भी हैरान हैं। दावा है कि अब तक दुनिया में ऐसे 8 मामले ही सामने आए हैं। इसके बाद से ही एक बार फिर से यह बहस होने लगी है कि क्या एआई तकनीक डाक्टरों के बजाए ऐसे केस डील कर सकती है। दरअसल, 30 वर्षीय महिला को लंबे समय से पेट में दर्द और उल्टी हो रही थी। डाक्टरों ने एमआरआई जांच करवाई तो सामने आया कि महिला को 12 हफ्ते का भ्रूण है, जो लीवर की दाहिनी ओर पल रहा है तथा भ्रूण जीवित था।

## झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का आज 81 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने



दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनके बेटे व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निधन की जानकारी सोशल मीडिया पर दी व लिखा- 'आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सब को छोड़ कर चले गए हैं, मैं शून्य में हूं।' सोरेन को जुलाई में किडनी समस्या की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी तबीयत नाजुक होने की वजह से वेंटिलेटर पर रखा गया। शिबू पिछले 38 सालों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख नेता व संस्थापक संरक्षक थे।

**मेट्रो एंकर**

### रात 10 बजे से सुबह तक खुला रहेगा मार्केट

## इंदौर की तर्ज पर दिल्ली में भी अब 56 दुकान प्रयोग होगा

**नई दिल्ली एजेंसी**

अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को जल्द ही अपना लेट नाइट फूड हब मिलने के आसार हैं। इसके लिए दिल्ली सरकार ने इंदौर के फेमस 56 दुकान मॉडल को आजमाने का इरादा बनाया है तथा एनडीएमसी क्षेत्र में एक नाइट मार्केट शुरू करने की तैयारी है। अभी दिल्ली का खान मार्केट खानेपीन के बडा स्पाट है। लेकिन अब कनॉट प्लेस और लोधी रोड को इस मार्केट के लिए देखा जा रहा है। ये मार्केट रात 10 बजे के बाद खुलेगा और इसमें दिल्ली के कुछ फेमस भोजनालय द्वारा संचालित फूड ट्रक भी शामिल होंगे। दरअसल इंदौर में शहर के बीच स्थित एक फेमस स्ट्रीट फूड मार्केट है। इसकी शुरुआत 56 दुकानों से हुई थी, इसलिए इसे 56 दुकान ही नाम दिया गया। इस




भारत की सबसे साफ-सुथरी और व्यवस्थित फूड स्ट्रीट में शामिल किया जाता है। यहां इंदौर की मशहूर पोहा-जलेबी, चाट, मोमोज़, मिठाइयां और फ्यूजन स्नैक्स जैसी चीजें मिलेंगी। यहां कुछ फेमस सुकानों में जॉनी हॉट डॉग, विजय चाट हाउस और यंग तरंग हैं।

अब दिल्ली में जो नाइट फूड मार्केट शुरू होने वाली हैं, उसमें शहर के कई मशहूर रेस्तरां के फूड ट्रक होंगे। ये आम मेलों और ठेलों की तरह नहीं लगेगा, बल्कि खास तौर पर चुने गए फूड ऑप्शन के साथ एक ऐसी जगह बनेगी जहां लोग रात को घूमने और खाने के लिए आ सकेंगे, फिर चाहे वो दिल्ली के रहने वाले हो या बाहर से आए हुए टूरिस्ट हो। जो प्लानिगं है, उसके मुताबिक ये नाइट मार्केट रात 10 बजे के बाद शुरू होगा। हालांकि पहले प्रस्ताव था कि शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक का समय हो। बताते हैं कि दिल्ली में रात की मार्केट की ये सोच पहली बार जी20 समिट के दौरान सामने देखी गई थी, जब ये तय किया गया था कि इसमें स्थाई स्टॉल और स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। लेकिन अधिकारियों ने ऐसा प्लान चुना जो अधिक लचीला हो।

### कोलकाता की नई मार्केट एवं लखनऊ की चटोरी गली

गौरतलब है, कोलकाता की 'नई मार्केट' वहां लोगों के लिए खाने-पीने की जगह है। यहां स्टॉल और छोटी-छोटी दुकानों पर रोल, मोमोस, बिरयानी, कबाब, चाट और मिठाइयां जैसे कुल्फी और जलेबियां मिलती हैं। होंग मार्केट और लिंडसे स्ट्रीट के पास का इलाका सबसे अधिक भीड़-भाड़ वाला रहता है। इसी तरह लखनऊ की चटोरी गली, जो 1090 चौराहे के नजदीक 2011 में शुरू की गई थी और अब ये एक फेमस स्ट्रीट फूड बन चुका है। चेन्नई का पोंडी बाजार दिन में शॉपिंग के लिए काफी फेमस है, लेकिन रात में ये जगह खाने-पीने की गलियों में भी बदल जाती है। यहां गरम इडली, कुरकुरे डोसा, मसालदेदार सुंडल, भजिया और फिलटर कॉफी जैसी चीजें देखने को मिलेंगी। कुछ बड़े रेस्तरां जैसे सरवना भवन और हॉट चिप्स भी खुले रहते हैं।





अखिल भारतीय लोधा, लोधी, लोध क्षत्रिय समाज द्वारा हरियाली तीज एवं सावन महोत्सव मनाया गया।

## राहगीरों को दिया हेलमेट, महिलाओं को संदेश

# प्रशासन का हेलमेट संदेश देने सड़क पर उतरे सांसद

भोपाल दोपहर मेट्रो

**सांसद आलोक शर्मा ने रक्षाबंधन त्यौहार की बधाई के साथ साथ हेलमेट पहनाकर सुरक्षा का संदेश दिया है। ।उन्होने कहा कि हेलमेट पहनना और सीटबेल्ट लगाना हमारी आदत बनना चाहिए। भोपाल वासियों को यातायात नियम अपनाकर अपनी और परिवार की सुरक्षा करना । शर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम के सामने राहगीरों को हेलमेट पहनाकर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।**



इस दौरान शर्मा ने कहा कि कलेक्टर ने आदेश निकाला है कि अब बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। एक अगस्त से पूरे भोपाल में ये आदेश लागू है। शर्मा ने सैकड़ों वाहन चालकों को अपनी ओर से हेलमेट वितरित किए और समझाइश दी कि जब भी घर से गाड़ी लेकर निकलें, हेलमेट पहनकर ही निकलें। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षाबंधन के मौके पर हर बहन अपने भाई को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करे। सांसद ने बहनों को हेलमेट पहनाते हुए रक्षाबंधन की बधाई और सुरक्षा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते 9 तारीख को रक्षाबंधन का त्यौहार आने वाला है। सबकी बहनों के भैया सुरक्षित रहें और सबकी बहनें सुरक्षित रहें, इसलिए ठान लें, आदत बना लें, कि बिना हेलमेट गाड़ी नहीं चलाएंगे।

सांसद शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों भोपाल में सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के चेयरमैन जस्टिस अभय मनोहर सप्रे द्वारा सड़क सुरक्षा की समीक्षा की गई थी। ब्लैक स्पॉटों का भी निरीक्षण किया गया है। यातायात नियमों की अनदेखी हमारे लिए भारी पड़ रही है। हेलमेट नहीं पहनने से कई जानें जा चुकी हैं। परिवार टूट गए हैं। अब हेलमेट पहनना और सीटबेल्ट लगाना हमारी आदत बनना चाहिए। भोपालवासियों को यातायात नियम अपनाकर अपनी और परिवार की सुरक्षा करना है। साथ ही देश में सड़क सुरक्षा को लेकर मिसाल भी बनाना है।

### दुर्घटनाएं रोकना सबकी जिम्मेदारी

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रशासन सख्ती दिखाएगा, लेकिन हमें बुरा नहीं मानना है। बल्कि नियमों का पालन करके सहयोग प्रदान करना है। ये सब आपकी सुरक्षा के लिए है। सभी लोग लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से सबक लें। इन्हें रोकना हम सबकी जिम्मेदारी है। सांसद शर्मा ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर समझाइश दी कि आपकी छोटी सी लापरवाही परिवार के लिए खतरा बन सकती है।

### राहगीरों को तिरंगे भेंट

सांसद आलोक शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राहगीरों को तिरंगे झंडे भेंट किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया है कि आजादी का उत्सव हर घर में मनाया जाना चाहिए। इसी के तहत आने वाले स्वतंत्रता दिवस पर सभी लोग अपने घरों पर हमारी आन बान और शान का प्रतीक तिरंगा झंडा फहराएं और आजादी का जश्न मनाएं।

## हर बार प्लेटफार्म खाली नहीं होने का तर्क

# आउटर पर ट्रेनें, प्रतिदिन अटक रहे मुसाफिर, अधर में प्लेटफॉर्म विस्तार




भोपाल ,दोपहर मेट्रो

राजधानी में रेलवे स्टेशन के पास स्थित निशातपुरा आउटर पर प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक ट्रेनों को घंटों तक रोका जा रहा है, जिससे दो ढाई हजार यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि पमरे जोन की महाप्रबंधक (जीएम) शोभना बंदोपाध्याय द्वारा 15 जुलाई को ट्रेन पंक्चुअलिटी सुधारने को लेकर भोपाल रेल मंडल को सख्त निर्देश दिए गए थे, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है।

इसे लेकर मंडल के अधिकारी ट्रेनों को आउटर पर रोकने के पीछे हमेशा एक ही कारण बताते हैं कि आगे ट्रैक पर ट्रेन है या स्टेशन पर प्लेटफॉर्म खाली नहीं है। बीना ओर से भोपाल आने वाली यात्री ट्रेनें आए दिन सुखी सेवनियां व निशातपुरा आउटर पर रोक दी जाती हैं। जिन ट्रेनों को नियमित रूप से रोका जाता है उनमें आजमगढ़-मुंबई लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, प्रतापगढ़-भोपाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस, राज्यरानी, विंध्याचल, बिलासपुर-भोपाल, जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस सहित करीब एक दर्जन ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों में यात्रा करने वाले अधिकतर यात्री नौकरीपेशा वर्ग से हैं जो भोपाल पहुंचकर सीधे अपने दफ्तरों को जाते हैं। लेकिन लगातार देरी से आफिस लेट पहुंचना उनकी बड़ी समस्या बन चुका है।

भोपाल स्टेशन की क्षमता बढ़ाने के लिए छह महीने पहले 700 मीटर लंबे सात नंबर प्लेटफॉर्म के निर्माण की योजना बनाई गई थी, जो अब तक शुरू नहीं हो सकी है। इसके साथ ही एक नंबर प्लेटफॉर्म की ओर नई लाइन बनाने की योजना भी अधर में लटकी है। यदि इन योजनाओं पर समय रहते अमल हो जाता, तो ट्रेनों को आउटर पर रोके जाने की समस्या काफी हद तक कम हो सकती थी।

## 'नेत्र ज्योति अभियान' सफल

# निःशुल्क शिविर में बावन मरीजों का ऑपरेशन होगा

हिरदाराम नगर



सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और भोपाल उत्सव मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के सोनागिरी स्थित बालाजी फ्रैक्चर अस्पताल में एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ देवी-देवताओं के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ अस्पताल प्रबंधक, समिति पदाधिकारियों और सेवा सदन के ट्रस्टी द्वारा किया गया। इस शिविर में कुल 198 रोगियों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 109 पुरुष और 89 महिलाएं शामिल थीं। जांच के बाद 52 रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सभी चिन्हित रोगियों के लिए निशुल्क रहन-सहन, भोजन, दूध और फल की व्यवस्था की गई है। सोमवार को वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों द्वारा इन सभी का ऑपरेशन किया जाएगा। यह भोपाल में वर्षाकाल के दौरान आयोजित हो रहे नेत्र शिविरों की श्रृंखला का छठा शिविर था, जिसके माध्यम से अब तक एक हजार से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की जा चुकी है और 278 मरीजों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया है। अगला शिविर 17 अगस्त 2025 को ए. बी. एम स्कूल, पुलिस ग्राउंड, नेहरू नगर में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में बालाजी अस्पताल के डॉ. महेश गुप्ता, ओमप्रकाश बंसल, छाया ठाकुर, संतोष ग्वाला, दलजीत सिंह, प्रदीप लोधी और भोपाल उत्सव मेला समिति के नारायण सिंह कुशवाह, चंद्र शेखर सोनी, कमल जैन, वीरेंद्र जैन सहित सेवा सदन के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी और उनकी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## महज 20 बसें चल रही हैं भोपाल शहर में

# इस बार रक्षाबंधन पर महिलाओं को नहीं मिलेगी फ्री बसें, अधिकांश रूट ऑटो - टैक्सी के भरोसे

भोपाल ,दोपहर मेट्रो

इस बार रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को सिटी बसों में मुफ्त सफर की सुविधा नहीं मिल पाएगी। हर साल रक्षाबंधन के पर्व पर नगर निगम की ओर से महिलाओं को शहर में फ्री बस सेवा दी जाती थी, लेकिन इस बार सिटी बसों का संचालन लगभग ठप होने के कारण यह सुविधा संभव नहीं दिख रही। वजह ये कि फिलहाल शहर में सिर्फ छह रूट पर 20 बसें ही संचालित हो रही हैं, जबकि पहले 24 रूट पर कुल 368 बसें दौड़ती थीं। चूंकि वर्तमान में छह रूट पर बसें चलाई जा रही हैं और वो भी एक-एक घंटे के अंतराल पर ही मिल रही हैं।



इस हालत में महिलाओं को रक्षाबंधन के दिन अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए आटो, टैक्सी या अन्य निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ज्ञात हो कि रक्षाबंधन पर हर साल महापौर महिलाओं के लिए सिटी बसों में फ्री यात्रा की घोषणा करती थीं। इसके लिए बीसीएलएल की ओर से महापौर को प्रस्ताव भेजा जाता है। इस बार भी अधिकारी कह रहे हैं कि वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर अनुमति मांगी जाएगी, लेकिन अब तक कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है।

### डिपो में खड़ी है बसें

बाग सेवनिया डिपो में बीसीएलएल की 149 बसें सवा साल से खड़ी हैं। ये बसें आपरेटर मां एसोसिएट्स की हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन बसों का संचालन टिकट कलेक्शन करने वाली चलो ऐप के हटने से रुका था। हालांकि अब ऐप ने बकाया जमा कर दिया है, फिर भी आपरेटर बीते समय का भुगतान मांगा रहा है और बसें चलाने से इंकार कर रहा है। मामला कोर्ट में लंबित है, जिससे फिलहाल संचालन शुरू होने की कोई संभावना नहीं दिख रही ।फिलहाल जो 6 रूट चालू हैं, उनमें एसआर-2 नीलबढ़, एसआर-4 करोंद से बैरागढ़ चीचली, एसआर-5 चिरायु से अवधपुरी, टीआर-4बी गांधी नगर से वर्धमान, रूट 413 नीलबढ़ से कोकता और टीआर-4 चिरायु से रानी कमलापति स्टेशन शामिल हैं। इतने सीमित रूट पर भारी भीड़ के बीच सफर करना संभव नहीं होगा

**मेट्रो एंकर**

## गरबा महोत्सव, प्रांतीय सम्मान समारोह की घोषणा

# सिंधी मेला समिति का सम्मान समारोह, कुकिंग स्पर्धा की विजेता पुरस्कृत

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो

सिंधी मेला समिति द्वारा हाल ही में आयोजित कुकिंग कॉम्पिटिशन की विजेता महिलाओं के लिए मानस भवन में एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कृष्णा गौर और विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी मौजूद रहे। मंत्री कृष्णा गौर ने सिंधी मेला समिति के प्रयासों की सराहना की और इसे महिला सशक्तिकरण के लिए एक अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं।

विधायक सबनानी ने इस प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने समिति के सालाना कार्यक्रमों की जानकारी भी मंत्री गौर के साथ साझा की। समारोह में डॉ. सरमा रायजादा, मीनल शेजवार, शिल्पा




ताम्रकार और दीपक तोलानी जैसे विशिष्ट वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में लगभग 2000 महिलाओं ने भाग लिया, जिन्होंने समिति द्वारा दिए गए इस मंच की सराहना की।

### गरबा महोत्सव सितंबर में

इसी समारोह में सिंधी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि 4 दिवसीय गरबा महोत्सव 26 से 29 सितंबर तक लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में आयोजित होगा। इस गरबे की 25 दिवसीय वर्कशॉप 1 सितंबर से 25 सितंबर तक भोपाल के 9 अलग-अलग केंद्रों पर चलाई जाएगी।

### प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह

भारतीय सिंधु सभा और सिंधी मेला समिति द्वारा 17 अगस्त को रविंद्र भवन में प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें शिक्षा, साहित्य, कला और खेल जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सिंधी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कालिदास अकादमी उज्जैन में सिंहस्थ के दृष्टिगत 155 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 8 ब्रिज और 2 मार्गों का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित किया।

### बारिश के मौसम में बिजली की आंखमिचौली की शिकायतों पर सरकार सतर्क,इंदौर पर फोकस

# मीटर स्मार्ट ...तो बिजली वितरण में स्मार्टनेस क्यों नहीं, मंत्री की फटकार

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**मप्र में बिजली कटौती व ट्रिपिंग को लेकर विधानसभा के मानसून सत्र में सत्ताधारी दल व विपक्षी के विधायकों द्वारा जोरशोर से मुद्दा उठाने के बाद सरकार अंदरखाने समूची व्यवस्ताओं का जायजा ले रही है। वहीं सरकार को भी अपने मंत्रियो और अन्य जरियों से जानकारी है कि उपभोक्ता बिजली की कई तरह की समस्या से लगातार जूझ रहे हैं। लिहाजा इस सिलसिले में उर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर ने अफसरों की क्लास ली है।**



उन्होंने पूछा कि ट्रिपिंग समस्या क्यों हो रही है। सूत्रों की मानें तो कुछ अफसरों ने बारिश व हवा–धुंध को वजह बताया तो कुछ बगले झांकने लगे। मंत्री ने फटकार लगाई कि एक तरफ मेंटेनेंस का काम भी जारी है और उसके लिए आम लोगों को बिजली गुल रहने की समस्या का भी सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी तरफ स्मार्ट मीटर लगाए जाने का दवा है तों बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार की बजाए शिकायतें क्यों मिल रही है।





जानकारी के मुताबिक मंत्री ने साफ तौर पर कहा है कि इंदौर को ट्रिपिंग-फ्री बनाएं और भोपाल समेत बाकी के शहरों व गांवों में भी ट्रिपिंग व कटौती न हो, इसकी व्यवस्था करें। ऊर्जा विभाग के एसीएस नीरज मंडलोई भी बैठक में मौजूद थे। उन्होंने अफसरों से कहा कि जिन शहरों व क्षेत्रों में स्मार्ट मीटरों के तेज चलने की शिकायतें आ रही हैं, वहां रेंडमली पुराने मीटर लगाकर रीडिंग की तुलना कराएं। मंत्री ने कहा कि मेंटेनेंस से जुड़े कामों का चीफ इंजीनियर, अधीक्षण यंत्री सहित अन्य अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण की टीप विद्युत वितरण केन्द्र के रजिस्टर में दर्ज करें। मेंटेनेंस के बाद भी ट्रिपिंग होने पर संबंधित इंजीनियर की जिम्मेदारी तय की जाएं। प्रमुख अभियंता (सीई) और अधीक्षण यंत्री (एसई) यदि ठीक से काम न करें, कमियां छोड़े तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। ऐसे अफसरों का प्रभार जूनियर को देने पर विचार करें। कहा ध्यान रहे, उपभोक्ताओं को किसी भी स्थिति में परेशानी न हो। यदि सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

#### खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स व ट्रांसफार्मर

कई शहरों से लेकर गांव तक जगह-जगह बिजली के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स खुले हैं। कुछ घटनाये भी सामने आई है लिहाजा इनमें बंद करने व ट्रांसफार्मर के चारों ओर फेंसिंग भी कराने के लिये कहा गया है। जिससे दुर्घटना की संभावना न रहे। स्कूल परिसरों से निकल रही बिजली लाइनों का सर्वे कराकर उनकी गार्डिंग कराने व उपभोक्ताओं को अच्छी सुविधा देने के लिए सभी स्टोर में मेंटेनेंस में उपयोग की जाने वाली हर सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के लिये कहा गया है।

### डीपीआई ने आदेश जारी कर कहा- निर्धारित समयसीमा में कार्यवाही नहीं तो माना जाएगा आवश्यकता नहीं

# आदेश के बाद भी अतिथियों के अपडेशन में लापरवाही जेडी-डीईओ को फटकार

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

मप्र प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में खाली पदों पद अतिथि शिक्षक की नियुक्ति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिक्त पदों को लेकर होने वाले असमंजस को देखते हहुए रिक्तियों के अपडेशन के निर्देश सभी जिलों को दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी जिलों में त्रुटिपूर्ण जानकारी अपडेट की गई हैं। जिसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाई है। इसके साथ ही अपडेशन की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर 5 अगस्त कर कराने के निर्देश दिए हैं।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूलों के शाला प्रभारी के लॉगिन पर जरूरत के हिसाबब से रिक्तियों के अपडेशन करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। कतिपय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है, कि शाला प्रभारियों द्वारा रिक्ति अपडेट करते समय त्रुटिपूर्ण जानकारी अपडेट होने से उन्हे विद्यालय में अतिथि शिक्षक आमंत्रण में कठिनाई आ रही है। इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भेजे गए पत्रों के आधार पर स्कूलों मे रिक्तियों के अपडेशन के लिए शाला प्रभारियों को अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है।




#### ऐसे होगा रिक्तियों का अपडेशन

शाला प्रभारी का यह उत्तरदायित्व होगा, कि वह स्कूल में उपलब्ध कक्षों (सेक्शन) एवं समय सारणी (टाईम टेबिल) में कुल कालखण्ड की संख्या तथा विद्यार्थियों की दैनिक औसत उपस्थिति के आधार पर वास्तविक अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता की प्रविष्टि करेगें। यह पूर्व से निर्धारित है, कि प्रत्येक नियमित शिक्षक न्यूनतम कालखण्ड एवं अधिकतम 6 कालखंड में अध्यापन कराएगें। इसके परीक्षण के बाद ही शाला प्रभारी अतिथि शिक्षक की आवश्यकता की प्रविष्टि करें। सिर्फ प्रदर्शित रिक्त पदों का प्रमाणीकरण न करें। विद्यालय मे वास्तविक आवश्यकता के आधार पर ही प्रविष्टि करेगें। यदि शाला प्रभारियों द्वारा निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही नही की जाती है, तो यह माना जायेगा कि उन्हे विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता नहीं है।

### फैसले के बाद भोपाल लौटने पर जोरदार स्वागत

# भगवा आतंक शब्द गढ़ने वालों पर तमाचा: प्रज्ञा

**भोपाल।** मालेगांव ब्लास्ट के फैसले के बाद भोपाल लौटीं पूर्वसांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मालाओं, ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ स्वागत किया। समर्थकों ने इस फैसले को ÷न्याय की जीत÷ करार दिया और भगवा झंडे लहराते हुए नारेबाज़ी की। भोपाल पहुंचने पर राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि यह हिंदुत्व और धर्म की जीत है। यह भगवा की विजय है। हमारे शास्त्रों में लिखा है %सत्यमेव जयते। आज वह सिद्ध हुआ। जो लोग भगवा आतंक की बात करते थे, उन्हें समाज और देश ने करारा जवाब दिया है।



साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्हें झूठे बयान देने के लिए प्रताड़ित किया गया। कुछ लोगों के नाम लेने के लिए कहा गया, लेकिन मैं झुकी नहीं। बरी होने के बाद पूर्व भाजपा सांसद ने इसे हिंदुत्व की जीत है और ÷भगवा आतंक÷ शब्द गढ़ने वालों के मुंह पर एक तमाचा बताया। गौरतलब है कि 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुए विस्फोट में 6 लोगों की मौत हुई थी और 101 घायल हो गए थे।

### चौरसिया समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# युवाओं से लेकर वरिष्ठजन हुए सम्मानित



**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

चौरसिया समाज राम मंदिर समिति द्वारा आज मानस भवन में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषकर उन सभी युवाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज का नाम रोशन किया। पहली कक्षा के बच्चों से लेकर वरिष्ठ जनों तक लगभग 1000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और उन्हें सम्मानित कर नई ऊर्जा प्रदान करना रहा। मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल महापौर मालती राय, एवं भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णकांत चौरसिया ने की, साथ ही समाज के अध्यक्ष रमेश चौरसिया एवं आर.के. चौरसिया सहित अन्य गणमान्य अतिथि मंच पर उपस्थित रहे।

### पीजी में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण में आज सत्यापन का अंतिम दिन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में और मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी, 31 जुलाई से 3 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कराए गए हैं। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन4 अगस्त तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 5 अगस्त को दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर पात्रता की प्रविष्टि 6 से 7 अगस्त तक होगी।

**– विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 5 अगस्त को दी जाएगी**

**मेट्रो एंकर**

### राज्यस्तरीय कंपनी के अध्यक्ष होंगे मुख्यमंत्री

# सीएम सुगम परिवहन सेवा में 7 कंपनियां करेंगी काम

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

प्रदेश में नगर वाहन सेवा समेत अंतरशहरी बस सेवा को सुगम बनाने के लिये मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रदेश में जल्द ही शुरू किये जाने के प्रयास परिवहन विभाग द्वारा किये जा रहे है। इसके लिये प्रदेश में राज्य स्तरीय कम्पनी के साथ 7 सहायक कंपनियां गठित की गई हैं। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना को राज्य शासन द्वारा अप्रैल 2025 में स्वीकृति दी जा चुकी है।



प्रदेश में राज्य स्तरीय कंपनी मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड कंपनी का गठन रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी एक्ट में 3 जुलाई 2025 को पंजीयन के साथ हो गया है। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय कंपनी के अध्यक्ष होंगे। परिवहन मंत्री एवं मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। राज्य स्तरीय कंपनी के अधीन राज्य शासन के द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार 7 सहायक कंपनी सम्पूर्ण प्रदेश में रहेगी। वर्तमान में इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा और ग्वालियर में कार्य कर रही सिटी बस कंपनी के शेयर होल्डिंग में परिवर्तन करते हुए इन सातों शहरों की नवगठित कंपनिया बनाई गई है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत सभी संभागों में वैज्ञानिक पद्धति से ट्रैफिक सर्वे करते हुए नये सिरे से नवीन बस रूट निर्धारण और इन रूट्स पर बस फ्रिक्वेंसी के निर्धारण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस क्रम में उज्जैन एवं इंदौर संभाग का ट्रैफिक सर्वे और रूट निर्धारण का कार्य अंतिम चरण में है। जबलपुर एवं सागर संभाग में सर्वे कार्य जारी है। इसके बाद भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, ग्वालियर तथा चंबल संभाग के रूट्स सर्वेक्षण का कार्य भी किया जाएगा।

#### अधोसंरचना का कार्य पीपीपी मॉडल पर होगा

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में वर्तमान निजी बस ऑपरेटर्स को पारदर्शी प्रक्रिया के साथ शासन नियंत्रित बस कंपनी द्वारा अनुबंधित कर कंपनी के सुपरविजन में बस संचालित होंगी। इस योजना में प्रत्येक जिले में बस डिपो, अत्याधुनिक बस स्टेंड और बस स्टॉप का निर्माण पीपीपी (पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशीप) मॉडल में किया जाएगा। उज्जैन एवं इंदौर रूट सर्वे कार्य अंतिम चरण होने से इन बस कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिलेवार बस ऑपरेटर्स से सलाह कर रूट निर्धारण के संबंध में आवश्यक सलाह मशविरा कर सकेंगे। उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार श्री संदीप सोनी को सौपा गया है। श्री संदीप सोनी वर्तमान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जैन प्राधिकरण भी हैं।



## संपादकीय

# आंकड़े, बाजार और मध्यम परिवार

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक समिति की बैठक कल शुरू हो रही है। इसमें रेपो रेट में फिर कटौती की उम्मीद लगाई जा रही है, कयास हैं कि ऐसा करने से बाजार में रौनक आएगी और दीवाली जैसी फीलिंग होगी। हालांकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर जून में घटकर 2.1 फीसदी रह गई है जो रिजर्व बैंक के 4 फीसदी के लक्षित दायरे से उल्लेखनीय रूप से नीचे है। मुद्रास्फीति की दर में गिरावट का अनुमान लगाते हुए मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी ने जून बैठक में अग्रिम नीतिगत हस्तक्षेप करते हुए नीतिगत रेपो दर को 50 आधार अंक कम करके 5.5 फीसदी कर दिया था। कई अर्थशास्त्री मानते हैं कि मुद्रास्फीति की दर आने वाले महीनों में नरम बनी रहेगी। नीतिगत नजरिये से देखें तो यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि अर्थशास्त्री और पेशेवर अनुमान लगाने वाले क्या सोचते हैं लेकिन केंद्रीय बैंकर घरेलू मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को लेकर भी सचेत रहते हैं। तथ्य यह है कि अपेक्षाएं आर्थिक परिणामों पर असर डालती हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति के प्रबंधन पर भी बहुत अधिक ध्यान देते हैं। उदाहरण के लिए अगर मुद्रास्फीति के अनुमानों का सही प्रबंधन नहीं किया गया तो मुद्रास्फीति की दर में इजाफा और आसानी से सामान्यीकृत हो सकता है। इससे केंद्रीय बैंक का काम और कठिन हो जाएगा। उच्च नीतिगत दरों के कारण उत्पादन में गिरावट आ सकती है। ऐसे में अनुमानों का प्रबंधन कीमतों को टिकाऊ रखने की दृष्टि से अहम है। पेशेवर अनुमान लगाने वालों के उलट परिवारों की मुद्रास्फीति की अपेक्षाएं अनुभवजनित हैं तथा उतारचढ़ाव को लेकर शंकालु भी हैं। मगर महत्त्वपूर्ण बात है वह अध्ययन, जिसने रिजर्व बैंक के परिवारों के मुद्रास्फीति पूर्वानुमानों के आंकड़े इस्तेमाल किए हैं, उसने 2014 के उच्चतम स्तर से मुद्रास्फीति अपेक्षाओं में गिरावट दर्ज की। मुद्रास्फीति को लक्षित करने की लचीली व्यवस्था नीतिगत हस्तक्षेप और वैश्विक दबावों में कमी ने भी इसमें मदद की। मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं में कमी संकेत देती है कि परिवारों के स्तर पर नियम आधारित नीतिगत प्रणाली को लेकर अधिक सहजता है। चूंकि लक्ष्य के बारे में सभी जानते हैं और अगर सामान्य व मध्यमवर्गीय परिवारों के स्तर पर यह माना जाता है कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति के परिणामों के साथ सुसंगत बनाने के लिए काम करेगा तो इससे कीमतों को स्थिर बनाए रखने में मदद मिलेगी। अध्ययन दिखाता है कि पूर्वानुमान समग्र मुद्रास्फीति से अधिक सुसंगत हैं। नीतिगत नजरिये से देखें तो कुछ अहम निष्कर्ष भी नजर आते हैं। जैसा कि एफआईटी में बदलाव ने अनुमानों पर सकारात्मक असर डाला है। बहरहाल, सरकार की ओर से आपूर्ति क्षेत्र के हस्तक्षेप ने भी इसमें मदद की है, मसलन निर्यात पर प्रतिबंध । हालांकि ऐसे कदमों ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद की है लेकिन उत्पादकों को इनकी कीमत भी चुकानी पड़ी है। इसके अलावा ऊंची मुद्रास्फीति के दौर में खाद्य मुद्रास्फीति में इजाफा भी अनुमानों को ऊंचे स्तर पर रख सकता है। हालांकि खपत बास्केट में खाद्य वस्तुओं की उच्च हिस्सेदारी है और परिवार के स्तर पर समग्र दर को ही देखा जाता है। अध्ययन के अनुसार, परिणाम दिखाते हैं कि अनुमानों के प्रबंधन और कल्याण में सुधार के लिए शीर्ष मुद्रास्फीति को लक्षित करना महत्त्वपूर्ण है। एफआईटी को अपनाने के बाद से ही लक्ष्य को लेकर उल्लेखनीय बहस होती रही है। कई अर्थशास्त्रियों का तर्क है कि चूंकि मौद्रिक नीति का खाद्य कीमतों पर सीमित प्रभाव होता है इसलिए रिजर्व बैंक को समग्र मुद्रास्फीति को लक्षित करना चाहिए।

**किसी भी काम के लिए प्रयत्न करना ईश्वर का स्वरूप है।**
**- अज्ञात**

## आज का इतिहास

- 1870 - ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।
- 1886 - कोलंबिया ने आज के दिन ही देश का संविधान पारित किया था।
- 1914 - प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी ने बेल्जियम के खिलाफ युद्ध की घोषणा की और ब्रिटेन ने जर्मनी के खिलाफ।
- 1915 - प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान जर्मन सेना ने वारसॉ पर कब्जा कर लिया।
- 1930 - यूरोप के देश बेल्जियम में छोटे बच्चो की मजदूरी के लिए कानून बनाया गया।
- 1947 - जापान में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना हुई थी।
- 1956 - भारत का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर 'अप्सरा' शुरू हुआ।
- 1967 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1967 - नागार्जुन सागर बांध, जो उस समय दुनिया का सबसे लंबा चिनाई बांध था, का निर्माण पूरा हुआ।
- 1984 - अपर वोल्टा गणराज्य का नाम बदलकर बुर्किना फासो किया गया था।
- 1995 - क्रोएशिया में ऑपरेशन तूफान शुरू किया गया था।
- 1997 - मो. ख़ातमी द्वारा ईरान के नये राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।
- 1999 - चीन ने अमेरिकी सेना के विमानों की नियमित उड़ानों को हांगकांग में उतरने की अनुमति देने से इंकार किया।
- 2001 - रूस व उत्तरी कोरिया में सामरिक समझौता।
- 2004 - नासा ने एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावना नाम दिया।
- 2007 - मंगल ग्रह की खोज के लिए फीनिक्स मार्स लैंडर नामक एक अमेरिकी अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया गया।
- 2008 - भारतीय जहाजरानी निगम (एससीआई) को नवरत्न का दर्जा दिया गया।
- 1522 - राणा उदय सिंह - मेवाड़ के शासक और महाराणा प्रताप के पिता का जन्म दिन।
- 1730 - सदाशिवराव भाऊ - प्रसिद्ध मराठा वीर का जन्म दिवस।
- 1845 - फ़िरोजशाह मेहता - भारतीय राजनेता तथा बंबई नगरपालिका के संविधान (चार्टर) के निर्माता का जन्म दिवस।
- 1906 - यशवंत सिंह परमार - भारत के राजनेता और स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी का जन्म दिन।
- 1924 - इन्दु प्रकाश पाण्डेय - साहित्यकार का जन्म दिन।
- 1929 - किशोर कुमार - भारतीय गायक और अभिनेता का जन्म दिवस।
- 1931 - नरेन तमहाने - पूर्व भारतीय क्रिकेटर का जन्म।
- 1950 - एन. रंगास्वामी - तीन बार पुदुचेरी के मुख्यमंत्री रहे का जन्म दिवस।
- 1961 - बराक ओबामा- अमेरिका के प्रथम अश्वेत एवं 44वें राष्ट्रपति का जन्म।
- 1971 - महेन्द्र भट्ट - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ का जन्म दिन।
- 1875 - हैंस क्रिश्चियन एंडरसन - डेनमार्क के लेखक और कवि का निधन।

# आतंकवाद पर 'भगवा' रंग चढ़ाने के राजनीतिक प्रयास विफल

■ आलोक मेहता



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर 'भगवा आतंकवाद' या अन्य आपराधिक गतिविधियों के आरोपों को लेकर कई बार राजनीतिक और सामाजिक मंचों पर विवाद उठे हैं। पिछले 50 वर्षों में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर रोक लगाने या इसे प्रतिबंधित करने की कोशिशें कीं। मालेगांव बम धमाका मामले (2008) को 'भगवा आतंकवाद' के आरोप को उछाला गया और कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, जिनमें साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित और अन्य शामिल थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को भी झूठे तरीके से फंसाने की साजिश रची गई थी। प्रकरण की जांच कर रही ए टी एस के अधिकारी महबूब मुजावर ने ही संघ प्रमुख का नाम जोड़ने और गवाहों को इस तरह के अआरोप जबरन दिलवाने के दबाव थे और उन्होंने ऐसा करने से इंकार किया तो उन्हें प्रताड़ित किया गया। इस मामले की जांच और अदालत में पेश सबूतों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि कई आरोप झूठे या कमजोर थे। साध्वी प्रज्ञा को पहले जमानत मिल गई और अब कोर्ट ने माना कि उनके खिलाफ कुछ सबूत पर्याप्त नहीं थे। तीन सौ गवाह होने पर भी कोई प्रमाण नहीं मिला। इस मामले को लेकर यह सिद्ध हुआ कि राजनीतिक या वैचारिक कारणों से कुछ लोगों को जानबूझकर फंसाने की कोशिश की गई थी, जिससे संघ और उससे जुड़े संगठनों की छवि खराब की जा सके।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई बार आरएसएस पर देश में सांप्रदायिक नफरत और ध्रुवीकरण फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि संघ की विचारधारा देश को विभाजित करने वाली है।राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि आरएसएस देश के संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की दिशा में कार्य कर रहा है। वे कहते हैं कि संघ 'संवैधानिक मूल्यों' को खतरे में डाल रहा है।उन्होंने संघ की तुलना कई बार कट्टरपंथी संगठनों से की, जिससे राजनीतिक टकराव और भी बढ़ा। पराकाष्ठा यह तक हुई कि राहुल ने एक अमेरिकी राजनयिक से बातचीत के दौरान 'हिन्दू आतंकवाद' कहकर इसे 'इस्लामिक आतंकवाद' से अधिक खतरनाक बता दिया। एक बार उनके एक बयान पर संघ ने मानहानि का केस भी किय। पी. चिदंबरमजब जब गृह मंत्री थे (2008-2012), उन्होंने 'भगवा आतंकवाद' शब्द का प्रयोग किया। कई जांच एजेंसियों को ऐसे मामलों में शामिल किया गया, जिनमें बाद में अधिकांश आरोपियों को न्यायालय से रिहाई मिल गई। दिग्विजय सिंह कांग्रेस के उन नेताओं में से हैं जिन्होंने लगातार RSS पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने आरआरएस को मुस्लिम विरोधी, दलित विरोधी और लोकतंत्र विरोधी बताया।उन्होंने हेमंत करकरे (मुंबई ATS प्रमुख) की मौत को भी संघ से जोड़ने की कोशिश की थी, जिससे काफी विवाद हुआ।कांग्रेस के इन नेताओं ने वैचारिक और राजनीतिक रूप से संघ का विरोध किया। कुछ मामलों में कानूनी कार्रवाई और जांच एजेंसियों के माध्यम से संघ को घेरने की कोशिश की गई, लेकिन अदालतों में कई आरोप साबित नहीं हो सके और आर आर के खिलाफ कोई ठोस अपराध सिद्ध नहीं हुआ।आरएसएस ने सभी आरोपों को बार-बार 'राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित' और 'तथ्यहीन' करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन राष्ट्र निर्माण, सेवा कार्य और सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करता है।



कांग्रेस के नेताओं को संघ पर पुराने आरोपों और प्रतिबंधों की बात याद है , लेकिन अपना ही इतिहास याद नहीं कि अक्टूबर 1949 में कांग्रेस कार्य समिति ने एक प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को कांग्रेस में शामिल करने का प्रस्ताव पारित किया था। देश की सुरक्षा या प्राकृतिक विपदाओं में संघ का सहयोग लिया। नरसिंहा राव के प्रधान मंत्री रहते हुए उन्हें संघ का पुरांना स्वयसेवक तक कहा गया।

जहाँ तक हिंदुत्व विचारधारा की बात है वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ' भारत में जन्मे हर व्यक्ति को अपना , भारतीय और हिन्दू माना जा सकता है। उसकी उपासना पद्धति कुछ भी हो सकती है। ' मतलब हिंदू धर्म संस्कृति की रक्षा और संवर्धन के साथ उन्हें इस्लाम , ईसाई , बौद्ध आदि किसी धर्म और उसकी उपासना के तरीकों के प्रति भी संघ का सम्मान है और वे सभी भारतीय समाज के अभिन्न अंग है। श्री भागवत ने यह भी कहा कि ' हर मस्जिद में अपने भगवान की मूर्ति ढूंढना अनुचित है। इस तरह की मांगों से तो अराजकता पैदा हो जाएगी। ' ऐसा भी नहीं कि यह बात नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद संघ प्रमुख ने कही है। उनसे पहले रहे सरसंघचालक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह और सी सुदर्शन ने मुझे वर्षों पहले दिए इंटरव्यूज में भी कही और मैंने प्रकाशित की हैं।

दूसरी बात संगठन की। इसमें कोई शक नहीं कि हाल के वर्षों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और उससे जुड़े संगठनों का विस्तार होने के साथ शक्ति बड़ी है। संसाधनों के साथ आधुनिकीकरण और उदारता का असर दिख रहा है। संघ के विचारों से प्रभावित लोगों के सत्ता में आने से आत्म विश्वास बढ़ा है। अनुशासन और सादगी के सारे आदर्शों के बावुजूद संगठन से जुड़े कुछ लोग दुरुपयोग और मनमानी भी करने लगे हैं। स्वार्थी तत्व मंदिर , गाय , गंगा यमुना के नाम पर अनुचित लाभ उठाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। तो पहले संघ में रहकर अब नए नए नामों से संस्थाएं बनाकर हिन्दू धर्म - समाज के ठेकेदार बनकर अनर्गल बयानबाजी और हिंसा पैदा करने वाली गतिविधियां करने लगे हैं। उन पर नियंत्रण के लिए संघ ही नहीं सरकारों और प्रशासन को समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए। इसी दृष्टि से संघ से एक हद तक जुडी मानी जाने वाली भारतीय जनता पार्टी .को भी अधिक सतर्क और संयम से काम लेना होगा। कुछ सांसद , विधायक या स्थानीय नेता ही नहीं मंत्री भी उत्तेजक बातें कर देते हैं। इससे नेतृत्व के सारे प्रयास और सकारात्मक कार्य धूमिल हो जाते हैं।

रही बात सरकार की। इस तथ्य से कोई इंकार नहीं करता कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी , उनके वरिष्ठ सहयोगी मंत्री संघ के विचारों , आदर्शों और संस्कारों से आए हैं। इसलिए उन्हें अलग से संघ के निर्देशों की आवश्यकता नहीं है। हाँ , अपने सिद्धांतों , वायदों , संकल्पों को पूरा करने के लिए परस्पर सहयोग जरुरी है । प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर इस बात पर जोर देते हैं कि सरकार के सभी कार्यक्रम सम्पूर्ण भारतीय समाज और हर वर्ग के लिए है। मतलब केवल हिन्दू ही नहीं सिख , मुस्लिम , ईसाई , बौद्ध इत्यादि भी समान रुप से सरकारी योजनाओं - सुविधाओं के लाभ पा सकते और पा भी रहे हैं। भारत में साम्प्रदायिक भेदभाव और हिंसा की आधी अधूरी या गलत सूचनाएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचने से देश की छवि ख़राब होती है। वैसे भी विश्व राजनीति में भारत की भूमिका और चुनौतियां बढ़ी हैं।। इसलिए संगठन और सरकार को निरंतर निगरानी , आत्म समीक्षा और आवश्यक नियंत्रण के कदम अवश्य उठाने होंगे।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

# भारत की अर्थव्यवस्था को डेड बताना गैर जिम्मेदाराना

■ राजीव खंडेलवाल



डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को ''डेड'' कहकर न केवल असंगत और अनुचित टिप्पणी की, बल्कि एक सहयोगी राष्ट्र व ''माय फ्रेंड'', ''अबकी बार ट्रंप सरकार'' कहने वाले दोस्त प्रधानमंत्री के प्रति भी सही-दृष्टिकोण नहीं अपनाया/दिखाया। ऐसा लगता है कि अब ट्रंप की नजर में ''दोस्त दोस्त ना रहा'' और ''माय फ्रेंड मोदी'' की जगह ''बेहद प्रभावशाली'' पाकिस्तान आर्मी के जनरल फील्ड मास्टर मुनीर से मिलकर ''सम्मानित महसूस'' कर उनके ''प्रिय हो गए है''। इसीलिए ट्रंप तो हमें बख्शें, बकौल हबीब जालिब; ''लोग डरते हैं, तेरी दुश्मनी से हम तेरी दोस्ती से डरते हैं'', क्योंकि ट्रंप के अनुमान की हिम्मत इस सीमा तक पहुंच गई कि भारत कभी पाकिस्तान से भी कच्चा तेल खरीद सकता है, यह अव्यहारिक हवा-हवाई कल्पना तक करने लगे। जबकि अभी भी भारत सरकार की अधिकृत घोषणा अनुसार पाकिस्तान के विरुद्ध ''ऑपरेशन सिंदूर'' बदस्तूर जारी है।

राहुल गांधी क्या यह भूल गए कि भारत पिछले एक दशक में ''फ्रैंजाइल 5'' से विश्व की 11 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से उन्नत होकर शीर्ष 5 में पहुंच कर वर्ष के अंत में चौथे स्थान पर पहुंच जाएगा। और शीघ्रतिशीघ्र वह जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने की तैयारी में है। इसका आकार लगभग चार ट्रिलियन है। ''विश्व में गूंजती नक्कारे की आवाज'' क्या उन्हें यह जानकारी नहीं कि भारत आज वैश्विक आर्थिक विकास में 16: का योगदान दे रहा है, जिसके आगे चलकर 20: होने की संभावना है? और जैसे कि ''एकाध पैर टूटने से कनखजूरा लंगडा नहीं हो जाता'' उसी प्रकार क्षणिक झटके खाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों की मजबूती, वैश्विक निवेशकों का भरोसा और निरंतर बढ़ती जीडीपी दरें, भारत की सशक्त आर्थिक स्थिति का प्रमाण हैं। फिर क्या यह कहना कि भारत की इकोनॉमी ''डेड'' है, राष्ट्र के साथ एक प्रकार का छल नहीं?

वास्तव में राहुल गांधी को ''डेड'' शब्द से कुछ ज्यादा ही प्रेम लगता है। समस्त संवैधानिक संस्थाएं डेड, लोकतंत्र ''डेड'', उनकी पार्टी सहित राजनीतिक पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र डेड, भाजपा शासित प्रदेशों में शासन-प्रशासनिक व्यवस्था ''डेड''। मेक इन इंडिया डेड। विदेश नीति डेड। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक देश भी भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ, जबकि वास्तव में दो देश अफगानिस्तान व इजराइल भारत के साथ खुलकर आए थे। ''मौनम् स्वीकृति लक्षणम्'' की नीति पर थे। वास्तव में देश व राष्ट्र प्रेम के प्रति उनकी भावना ही डेड हो गई है, इसलिए वह जिधर नजर घूमते हैं, उन्हें संस्थाएं डेड ही नजर आती हैं। वैसे तो उन्हें डेड शब्द से घृणा होना चाहिए? क्योंकि इस शब्द में ही उनके घर में परिवार में दो-दो बार असामयिक अचानक अप्राकृतिक दुख की स्थिति पैदा की है, जिससे राष्ट्र का भी भारी नुकसान हुआ है। वास्तव में ''अंध भक्ति'' का आरोप लगाने वाले ''अंध विरोध'' पर क्यों उतर आए हैं? राहुल जी, भारतीय अर्थव्यवस्था ''डेड नहीं डैशिंग'' है।'' क्या ''डेड'' मामले में राहुल व ट्रंप ''एक'' होकर डेड (मृतप्रायः देशहित की दृष्टि से) हो गए हैं?

''जलेबी की तरह सीधे'' राहुल गांधी की ''मैं ट्रंप से सहमत हूं'' वाली बयानबाजी न केवल उनके आत्म विर ाधाभास को उजागर करती है, बल्कि यह सिद्ध करती है कि वे अब तक शायद मोदी के साथ ट्रंप की दोस्ती के कारण ट्रंप का विरोध करते आए हैं, उसी ट्रंप के भारत-विरोधी बयान को सही ठहरा रहे हैं। क्या यह उनके कथित वैचारिक धरातल का पतन नहीं? वैसे राहुल गांधी की राजनीति का इतिहास देखें तो यह कोई नई बात नहीं है। उनके अनेक पूर्व वक्तव्य भी भारत की विदेश नीति, रक्षा नीति या आर्थिक दृष्टिकोण के संदर्भ में अवसरवादी तथ्यों से अलग और जनविरोधी ही रहे हैं। उनका ताजा बयान उसी श्रृंखला की एक और कड़ी है, जो भारत की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला है।

राहुल गांधी के इस बयान की गूंज सिर्फ राजनीतिक गलियारों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका प्रभाव आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जरूर भुगतना पड़ेगा। जब राष्ट्र के सम्मान की बात सामने आएगी, तब ट्रंप द्वारा भारत का लगातार अपमान, जलील करने वाले कथन, और भारत की सार्वभौमिकता, संप्रभुता को चुनौती देने वाली ट्रंप की कार्रवाईयों पर देश के प्रधानमंत्री का उस तरह का जवाब नहीं आता है, जिस तरह वह संकेतो में पाकिस्तान को कड़ा जवाब देते रहे हैं। जैसा कि आज ही वाराणासी से ''किसान सम्मान निधि'' की 20वी किस्त वितरित करते समय जन सभा को संबोधित करते हुए समय कहा, ''भारत पर जो वार करेगा, पाताल में भी नहीं बचेगा''। ट्रंप के मामले में प्रधानमंत्री मोदी की गहरी चुप्पी का विपरीत प्रभाव निश्चित रूप से भाजपा की चुनावी संभावनाओं पर पड़ सकता है। क्योंकि देश के नागरिक के मन में सर्वप्रथम भारत का मान, सम्मान, स्वाभिमान और आत्मसम्मान है। चुप्पी के बजाय डिप्लोमेटिक जवाब स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा दिया जाना आवश्यक है। क्योंकि वे एक देश के ''हेड हैं, डेड नहीं''। और ट्रंप उनका बार-बार नाम लेकर भारत को अपमानित कर रहा है। ''इशरते कतरा है दरिया में फना हो जाना, दर्द का हद से गुज़रना है दवा हो जाना''।

आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष स्वस्थ आलोचना करे, लेकिन राष्ट्र की प्रतिष्ठा और हितों के साथ खिलवाड़ न करे। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को कमजोर दिखाना या उसके खिलाफ बोलने वालों के सुर में सुर मिलाना, देशहित में नहीं कहा जा सकता। भारत की जनता इस प्रकार के आत्मघाती बयानों को न तो भूलेगी और न ही माफ करेगी। भारत सरकार को भी ''ट्रम्प की नौटंकी पर नकेल कसनी होगी''। तभी मोदी का लोकसभा में कहा गया यह कथन सार्थक होगा, ''एक अकेला सब पर भारी''।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## निशाना

### खोज खोज कर, चुन चुन कर !



मिट्टी में मिला देंगे ।
आया बड़ा बयान ।।
खोज खोज कर, चुन
चुन कर ।
लेनी सबकी जान ।।
हो कोई भी आका ।
तय पड़ना अब भारी ।।
जमींदोज करने की ।
पूर्ण हुई तैयारी ।।
असर दिखने वाला ।
भय में पाकिस्तान ।।
सचमुच है कुछ बड़ा ।
गयी ये दुनिया जान ।।
है दहशत का साया ।
लगे दौड़ने सारे ।।
है करतूत ऐसी ।
किसको अब पुकारें ।।

- कृष्णेन्द्र राय

# तिलक सिंदूर मंदिर: एकमात्र ऐसा शिवलिंग, जहां चढ़ता है सिंदूर

पुनीत मालवीया। दोपहर मेट्रो

**इटारसी।** सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और इस दौरान भोलेनाथ के भक्त तिलक सिंदूर मंदिर में आराधना करने हजारों की संख्या में पहुंचते हैं। इटारसी के पास सतपुड़ा की वादियों में यह स्थान, सावन में शिव भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ बन जाता है। इटारसी के पास स्थित तिलक सिंदूर, भगवान शिव को समर्पित एक प्राचीन मंदिर है। सावन के महीने में, विशेष रूप से सोमवार को, यहां भक्तों की भारी भीड़ होती है। मान्यता है कि इस स्थान पर भगवान शिव और गणेश जी की कृपा है, और यहां आकर भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। सावन के महीने में, भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा, अभिषेक और जलाभिषेक करते हैं। तिलक सिंदूर में लगने वाला मेला, सावन के महीने में भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन होता है। तिलक सिंदूर मंदिर में



सावन सोमवार का विशेष महत्व है, और इस दौरान भक्तों की भीड़ कई गुना बढ़ जाती है। भगवान शिव को समर्पित मास में शिव भक्त उनकी विशेष पूजा-अर्चना करते हैं, व्रत रखते हैं और उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। तिलक सिंदूर मंदिर भगवान शिव का ही एक अनूठा धाम है, इसलिए सावन में यहां भक्तों का तांता लगना स्वाभाविक है। सावन के महीने में पड़ने वाले सोमवार को भगवान शिव की पूजा के लिए अत्यंत शुभ माने जाते हैं।

### सिंदूर चढ़ाने की अनूठी परंपरा

इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां शिवलिंग पर सिंदूर चढ़ाया जाता है, जो सामान्यत- अन्य शिव मंदिरों में नहीं होता। सावन सोमवार पर भक्त इसी विशेष परंपरा का पालन करते हुए सिंदूर अर्पित करते हैं, जिससे यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह मान्यता है कि सिंदूर चढ़ाने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व

मंदिर से जुड़ी भस्मासुर की कथा और भगवान शिव के यहां आकर छिपने की मान्यता सावन में इसके महत्व को और बढ़ा देती है। भक्त इस पौराणिक इतिहास को याद करते हुए भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने यहां आते हैं। लोकमान्यता है कि इस महीने में, विशेषकर सावन सोमवार को सच्चे मन से की गई प्रार्थनाएं और मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। इसी कारण दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं।




## कालाबाजारी: कई कंपनियों के खाद, बीज व दवाओं के सैंपल अमानक मिले

# कई जिलों में किसानों को मिल रही घटिया खाद सख्ती के बाद भी बिचौलियों पर कोई कार्रवाई नहीं




विदिशा। दोपहर मेट्रो

प्रदेश में खाद को लेकर किसानों के साथ धोखा हो रहा है। प्रदेशभर में अमानक खाद, बीज और दवाएं खुलेआम बेची जा रहीं हैं। विदिशा में भी यही हाल है। यहां की दुकानों से पिछली फसल के दौरान एकत्र किए गए कई कंपनियों के खाद, बीज व दवाओं के सेंपल अमानक मिले हैं। इसके बाद भी कंपनियों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। कार्रवाई की सारी कवायद केवल स्थानीय निजी विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित करने तक सीमित रह गई है। कंपनियों पर कार्रवाई के लिए शासन स्तर पर पत्राचार ही चल रहा है। विडम्बना यह है कि ये हाल तब हैं जब विदिशा के सांसद व देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बाजार में अमानक खाद-बीज दवाएं बेचने वाली कंपनियों पर लगाम लगाने के लिए सख्त नियम बनाने की बात कह रहे हैं।

विदिशा में खरीफ व रबी की वर्ष 2023-24 और 2024-25 की बोवनी के दौरान कृषि विभाग की ओर से खाद, बीज व कीटनाशक दवाओं का नमूना एकत्र कर जांच के लिए भेजा गया था। जांच में खाद के 43, बीज के 23 व दवाओं 26 नमूने अमानक (गुणवत्ताविहीन) पाए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार अमानक पाए गए खाद, बीज व कीटनाशक दवाएं मध्यप्रदेश के अलावा हैदराबाद, तेलंगाना व हरियाणा की कंपनियों ने यहां के निजी विक्रेताओं व बीज निगम को मुहैया कराया है। कृषि विभाग की ओर से यह जानकारी शासन को भेज दी गई है। वहां से छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक इस मामले में कोई जवाब नहीं आया है।

### तैयारी: अब डेबिट कार्ड पर मिलेगी किसानों को खाद

**राजगढ़।** अमानक खाद की कालाबाजारी लगातार हो रही है। तमाम सख्ती के बावजूद यह थम नहीं रही है। इसी कड़ी में अब खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए किसानों को डेबिट कार्ड पर खाद देने की व्यवस्था बनाई जा रही है। राजगढ़ में भी जिले की 140 सहकारी समितियों में किसानों को डेबिट कार्ड के जरिए खाद देने की व्यवस्था की जा रही है।



सहकारी बैंकों से सबद्ध किसानों को अब डेबिट कार्ड मुहैया कराया जाएगा। इसी के माध्यम से उन्हें रबी और खरीफ के सीजन में खाद मिलेगा। यानी एटीएम की तर्ज पर कम्प्यूटरीकृत ब्रांच में जाकर उन्हें कार्ड स्वैप करना होगा, तभी खाद मिल पाएगा।सहकारी समितियों की हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं। राजगढ़ जिले में भी सहकारी समितियों के तहत आने वाले किसानों के अब डेबिट कार्ड बनेंगे। एटीएम में जिस तरह से कैश निकाला जाता है उसी हिसाब से उक्त कार्ड के माध्यम से खाद मिलेगा। जिससे खाद की पूरी एंट्री ऑनलाइन रहेगी। हालांकि प्रबंधक का कहना है कि अभी भी खाद का वितरण पीओएस मशीन से किया जाता है लेकिन नई व्यवस्था से और पारदर्शिता आएगी। 15 अगस्त से कार्ड बनना शुरू होंगे। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि अगस्त माह के बाद बिना डेबिट कार्ड के किसी भी किसान को खाद नहीं दिया जाएगा। सभी बैंकों की ओर से इस पर सख्ती से अमल करवाने के लिए निर्देशित किया गया। सभी समिति प्रबंधकों इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

## शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने की मांग

**सिवनी मालवा।** प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन की बैठक तुलसी नगर भोपाल में राज्य कर्मचारी संगठन के प्रांतीय कार्यालय में संगठन के प्रांत अध्यक्ष राकेश दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजीव त्रिपाठी द्वारा किया गया। मां सरस्वती के पूजन अर्जन के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम समस्त जिला अध्यक्षों और प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। बैठक में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव तथा महामंत्री जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश दुबे ने मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष तथा महामंत्री का स्वागत किया। शासकीय शिक्षक संगठन के उपाध्यक्ष राममोहन रघुवंशी ने बताया कि बैठक में राज्य स्कूल सेवा में नियुक्त शिक्षा कर्मी गुरुजी संविदा शाला शिक्षक से अध्यापक संवर्ग में नियुक्ति की गई थी। 20 वर्षों की सेवा शून्य कर दी गई है। उन्हें नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ प्रदान की जाए। आदिम जाति कल्याण विभाग की शालाओं का नियंत्रण एवं संचालन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाए।

## सोहागपुर तहसील की पुनर्मतगणना कराने की मांग

**नर्मदापुरम।** अजाक्स संघ जिला नर्मदापुरम के चुनाव 27 जुलाई को हुए थे लेकिन चुनाव में सोहागपुर तहसील के मतों की गणना नहीं हुई थी। इसको लेकर गणेश प्रसाद उपरारिया ने अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष कंसोटिया को पत्र लिखकर उन्हें मतगणना कराने की मांग की है। उपरारिया ने बताया कि मतगणना के समय मेरे सामने एन.आर हरियाले द्वारा 7 निरस्त किये गये मतपत्रों को चुनाव अधिकारी के हाथ से छीनकर सही मतपत्रों की गड्डी में मिलाकर मतगणना पत्रक में चुनाव अधिकारी पर दबाव डालकर हस्ताक्षर कराये गये। मुझे धक्का मारकर कार्यालय से बाहर किया गया जिससे मतगणना दूषित हो गई। मेरे द्वारा चुनाव अधिकारी से उसी समय पुन: मतगणना की मांग की गई तथा आपके द्वारा भी पुन: मतगणना के निर्देश दिये गये है किन्तु अभी तक पुन: मतगणना नही कराई गई है। उन्होंने तहसील सोहागपुर मतदान केन्द्र की पुन: मतणना कराकर सही परिणाम घोषित करवाने की मांग की है, जिससे चुनाव में निष्पक्षता बनी रहे।

## महासभा का 18वां राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन



**इटारसी।** अखिल भारतीय वाल्मिकी समाज के 18 वें अधिवेशन का समापन हुआ। वाल्मीकि महासभा के संभागीय अध्यक्ष पार्षद मनजीत कलोशिया ने बताया कि अधिवेशन के दूसरे व अंतिम दिन, समाज व संगठन के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएँ और निर्णय लिए गए। समापन समारोह में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा, प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम डागौर, एवं प्रदेश संयोजक विवेक घारू ने संगठन की दिशा और समाज के उत्थान हेतु कार्ययोजनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। अधिवेशन में विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें और मिलकर यह संकल्प लिया कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हुए समाज के अधिकारों, शिक्षा, स्वाभिमान एवं सामाजिक न्याय के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे।

### त्यौहार के पहले सतर्कता

## मिलावटखोरों पर शिकंजा, टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के सैंपल



**गुना।** रक्षाबंधन का त्यौहार नजदीक है। इसके साथ ही त्योहारों पर लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने प्रशासन ने शिकंजा कसा है। इसी के चलते कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच एवं सैंपलिंग की कार्यवाही की जा रही है। टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग कार्यवाही की। टीम ने लक्ष्मीगंज, गुना स्थित मित्तल एजेंसी से सरसों तेल, चाय, नमक, नयापुरा, गुना स्थित बेस्ट चॉइस सुपरमार्ट से धनिया पावडर, हल्दी पावडर, घी, शास्त्री मार्केट गुना स्थित कंचन किराना स्टोर से मैथीदाना, बेसन, सरसों तेल एवं बालाजी किराना स्टोर से सरसों तेल, तिली तेल, धनिया पावडर, केन्ट चौराहा, गुना स्थित गर्ग इन्टरप्राइजेज से चायपत्ती, सरसों तेल, पास्ता एवं जैनम् स्टोर से तुअर दाल, बेसन, घी के सैम्पल जाँच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे हैं, जिनकी जाँच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। जांच एवं सैम्पलिंग कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## लॉज मैनेजर चलवा रहा था कमरे में जुआ, दबोचा

**गुना।** जिला पुलिस अनैतिक गतिविधियों में लिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में धरनावदा थाना प्रभारी प्रभात कटारे और उनकी टीम ने जुआ अड्डा पकड़ने में बड़ी सफलता पाई है। रूठियाई में एक लॉज मैनेजर के संरक्षण में लॉज के बंद कमरे में जुआ चल रहा था। इस अड्डे पर जुआ खेल रहे 05 जुआरियों सहित लॉज मैनेजर के विरूद्ध पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत रूठियाई स्थित श्री खाटू श्याम लॉज के कमरा नंबर 104 में कुछ व्यक्तियों के ताश पत्तों से रूपयों और मोबाइल की बाजी लगाकर जुआ खेले जाने की सूचना मुखबिर से रूठियाई चौकी पुलिस



को प्राप्त हुई थी। क्षेत्र में जुआ खेले जाने की सूचना को गंभीरता से लेकर थाना प्रभारी प्रभात कटारे ने चौकी से तत्काल पुलिस की एक टीम गठित कर जुआरियों पर कार्यवाही के लिए रवाना किया। टीम द्वारा बिना कोई देरी किये तुरंत लॉज में दबिश दी गई और लॉज के कमरा नंबर 104 में छिपकर सुनने पर अंदर से ताश पत्तों पर बाजी लगाने की आवाजें स्पष्ट सुनाई दीं। इसके बाद पुलिस एकदम से कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो कमरे में 05 व्यक्ति खेल खेलते मिले। एक अन्य व्यक्ति पास में खड़ा हुआ था जिसने स्वयं को लॉज का मैनेजर बताया। पूछताछ पर जुआरियों ने अपने नाम . चन्दन सिंह पुत्र मांगीलाल धाकड़ उम्र 35 साल निवासी ग्राम टोड़रा थाना जामनेर, चन्द्रमोहन धाकड़ उम्र 50 साल निवासी ग्राम विजयपुर, बंकेश पुत्र हरिनारायण धाकड़ उम्र 29 साल निवासी ग्राम विजयपुर, मनोज पुत्र नानकराम रजक उम्र 25 साल निवासी ग्राम जामनेर और विष्णु पुत्र हरिनारायण बैरागी उम्र 38 साल निवासी ग्राम रघुनाथपुरा थाना धरनावदा के होना बताये। लॉज मैनेजर ने अपना नाम गुंजन पुत्र देवेन्द्र चंदेल उम्र 19 साल निवासी श्यामनगर रुठियाई बताया।

## रायसेन में कदम- कदम पर हरियाली लाने का संकल्प



**रायसेन।** रायसेन जिला विकास समिति और बस एक कदम और. सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में को ध्वज-चिन्ह विमोचन और कदंब वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों तक ने हरियाली को जीवन लक्ष्य बनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि, सदस्य दिशा समिति, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार अनिल शर्मा ने कहा— हम ठहरेंगे नहीं, हम थकेंगे नहीं, रायसेन में कदम-कदम पर हरियाली लाएंगे। विशेष अतिथि, अनुविभागीय अधिकारी मुकेश सिंह ने कहा— हर कदम पर हरियाली के लिए, बस यही जोश, जुनून और जज़्बा चाहिए। उन्होंने पर्यावरण के साथ विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी बस एक कदम और बढ़ाने की बात कही। संस्था के सचिव संघर्ष शर्मा ने बताया— ध्वज-चिन्ह का सुनहरा रंग हमारे विश्वास, वादे और उम्मीद का प्रतीक है कि रायसेन के सुनहरे दिन आएंगे।

**मेट्रो एंकर** | आधुनिकता की चाकचौंध में पीछे तो छूट रहे हैं पुराने रीति-रिवाज, लेकिन सालती है कसक

# सावन का महीना और... यादों में रह गए नीम के पेड़ पर लगे झूले

संतोष सिंह चंदेल। सिवनी मालवा

भीषण गर्मी के बाद लोगों को बेसब्री से बारिश का इंतजार रहता है। इसी बारिश में भगवान शंकर का अति प्रिय माह माना जाने वाला श्रावण मास आता है जिसमे भाई बहन के पवित्र रिश्ते रक्षाबंधन का भी इंतजार होता है। लेकिन इसे मनाने वाली महिलाओं का मानना है कि आधुनिकता की चाकचौंध में पुराने रीति रवाज और त्योहारों को कहीं न कहीं भुलाया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों और शहरी क्षेत्रों में जगह जगह सावन के झूले सज जाया करत थे। झूलों का आनंद लेने के साथ झूलों पर बैठने के लिए अपनी बारी का घंटों इंतजार करना पड़ता था। परन्तु अब नए परिवेश में सावन के झूले पीछे छूटते जा रहे हैं।





वक्त के साथ बहुत कुछ बदलाव आ गया हैं, अब लड़कियों को पहले जैसी आजादी नहीं है कि वह कहीं भी जाकर झूला झूल सकें। पहले की बात और बातावरण आज भी झूलों की याद दिलाता है। पहले नीम के पेड़ पर रस्सी से झूला बनाकर अपनी सहेलियों के साथ झूला झूलती थी। अब सावन के झूले धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं।

**प्रीति शुक्ला**, भाजपा जिला अध्यक्ष



पहले गांव में बड़े बड़े वृक्ष हुआ करते थे और उन वृक्षों की शाखाओं पर रस्सी डालकर झूला झूलते थे। सावन के महीने में गांव में काफी अच्छा लगता था लेकिन अब वह दौर समाप्त हो चुका है। अब बच्चे भी झूलने को उत्साहित तो रहते है परन्तु झूलों की परम्परा दिन पर दिन आधुनिकता की दौड़ में लुप्त हो गई।

**संध्या रघवंशी**




पुराने दिन और बातावरण की महक आज भी बरकरार है। सावन में ससुराल से मायके आने का अलग ही मजा हुआ करता था। पेड़ों की डालियों पर झूला झूलकर सहेलियों के साथ रहने का अलग ही नजारा था। परन्तु वर्तमान में आधुनिकता की दौड़ में पुरानी परम्पराओं में से सावन में झूले झूलना पिछड़ गया है।

**रीता सिंह ठाकुर**



आधुनिकता और होड़ के कारण सभी व्यस्त हो गये है पहले सावन के महिने में सहेलियां एकत्रित होकर झूला झूलती थी आनंद आता था लेकिन अव ऐसा समय केवल यादों में सिमट कर रह गया है।

**भारती सिंह चंदेल**



आजकल आधुनिकता की दौड़ में हर किसी के हाथों में मोबाइल होने के कारण झूलों कि जगह सेल्फी ने ले ली हैं। महिलाएं और बच्चे सभी उसमें व्यस्त हैं। पेड़ पर डाले जाने वाले झूले सिर्फ पार्क में नजर आते हैं।

**पलक रघुवंशी**

# भगवान काशीविश्वनाथ ने किया नौका विहार, नर्मदा घाट पर हुआ भव्य अभिषेक

## ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की रही गूंज

**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**

श्रावण माह के अंतिम सोमवार को भगवान काशीविश्वनाथ की नगर भ्रमण यात्रा से एक दिन पूर्व परंपरा अनुसार भगवान ने नौका विहार किया। इस अवसर पर नर्मदा घाट पर मंत्रोच्चार, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की गूंज के बीच भव्य अभिषेक संपन्न हुआ। भगवान के नौका विहार को देखने नगरवासियों सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में घाट पर उपस्थित रहे।

हालांकि इस बार नर्मदा नदी में जल प्रवाह अधिक होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से आमजन के लिए नौकाओं पर बैठकर दर्शन करने पर प्रतिबंध लगाया गया। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी और सभी ने घाट से ही भगवान के विहार के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। तेज बहाव को देखते हुए घाटों पर अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात किए गए थे और आपात स्थिति के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था की गई थी जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भव्य रूप से सम्पन्न हो सका। श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान का नौका विहार देखना उनके लिए सौभाग्य की बात है और वे हर साल इस दिव्य दृश्य के साक्षी बनने महेश्वर पहुंचते हैं। अब सभी को सोमवार को निकलने वाली भगवान काशीविश्वनाथ की पारंपरिक शाही सवारी का इंतजार है, जिसमें पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिलेगा।



### प्रदेश के कई जिलों में फिर भारी बारिश का अलर्ट

# चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर 100 से ज्यादा दुकानें हुईं जलमग्न

**दोपहर मेट्रो न्यूज नेटवर्क**

प्रदेश के उत्तरी जिलों में फिर से भारी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ग्वालियर, दतिया और मुरैना जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान साढ़े आठ इंच बारिश होने की संभावना जताई गई है। इन इलाकों में तेज बारिश के साथ जलभराव, निचले क्षेत्रों में बाढ़ और यातायात में व्यवधान की स्थिति बनने की आशंका है। स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

इनके अलावा श्योपुर, निवाड़ी, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर और छतरपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां मध्यम से भारी बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। शेष बचे जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश के साथ आकाशीय बिजली की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट लागू किया गया है। इनमें से ज़्यादातर जिलों में रविवार को भी झमाझम बारिश हुई थी, जिससे कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के उत्तरी हिस्से के ऊपर एक ट्रफ लाइन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है, जिसका सीधा असर इन जिलों पर देखने को मिल रहा है। अनुमान है कि अगले 24 घंटे में इन क्षेत्रों में 4.5 इंच तक वर्षा हो सकती है। इस संबंध में मौसम विभाग ने जानकारी दी कि सीधी, सिंगरौली, रीवा, मऊगंज, सतना/चित्रकूट, मैहर, शहडोल/बाणसागर बांध पर बिजली के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है।



### अगले 24 से 48 घंटे के भीतर ग्वालियर-चंबल अंचल में अत्यधिक बारिश के आसार

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश पर बना निम्न दबाव क्षेत्र तेजी से सक्रिय हो रहा है, जिससे अगले 24 से 48 घंटे के भीतर ग्वालियर-चंबल अंचल में अत्यधिक वर्षा हो सकती है। यह तंत्र अब राजस्थान और मध्य प्रदेश की सीमा के पास केंद्रित होता दिख रहा है। उधर, उत्तरप्रदेश में यमुना नदी के जलस्तर में वृद्धि का असर प्रदेश के चित्रकूट में भी देखने को मिला है। यहां की मंदाकिनी नदी उफान पर है, जिससे शहर के बाजार क्षेत्र में सौ से अधिक दुकानें पानी में डूब गईं। लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 16 जून से अब तक प्रदेश में औसतन 28.4 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जबकि इस अवधि के लिए सामान्य आंकड़ा 19 इंच होता है। यानी इस बार मानसून ने औसत से कहीं ज्यादा मेहरबानी दिखाई है। अब तक जिन जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है, उनमें शामिल हैं- ग्वालियर, अशोकनगर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, राजगढ़, शिवपुरी, गुना, मुरैना और श्योपुर। इन जिलों में पचास प्रतिशत से अधिक बारिश हो चुकी है, जिससे कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। हालांकि इस बीच राजधानी के पास स्थित सीहोर जिला बारिश की कमी से जूझ रहा है। यहां की सीवन नदी में बहुत कम पानी है, जो स्थानीय ग्रामीणों और किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। खेतों में नमी की कमी और जलस्रोतों के सूखने से बोवनी कार्य प्रभावित हुआ है।

### पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

# खेत में लाश और नदी में कपड़े, दोस्तों ने मिटाना चाहा था हत्या का सबूत



**सतना। दोपहर मेट्रो**

जिले में 31 जुलाई को 22 साल के युवक की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद युवक की लाश खेत में नग्न अवस्था में मिली थी। सिटी कोतवाली पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी को सुलझा दिया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दरअसल, 31 जुलाई को जिले के ग्राम पंचायत कैथा के सरपंच श्याम सिंह ने खेत में नग्न अवस्था में एक युवक की लाश होने की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद सोशल मीडिया, गांव के कोटवार और सरपंचों की मदद से पहचान का प्रयास किया गया। कई दिनों की कोशिश के बाद शव की पहचान ग्राम मतरी निवासी पंकज सिंगरौल के रूप में हुई।

### पुराने विवाद को लेकर उतारा मौत के घाट

जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली। कुछ समय पूर्व मुख्य आरोपी ब्रजेन्द्र कोरी के पिता का पंकज से विवाद हुआ था। विवाद के कुछ दिनों बाद बीमारी के चलते इलाज के दौरान आरोपी के पिता की मौत हो गयी थी। पुलिस ने बारीकी से जांच की तो पता चला कि घटना वाले दिन पंकज अपने साथियों बृजेन्द्र उर्फ विक्की कोरी, राहुल सिंह, जितेन्द्र उर्फ जीतू, चंद्रपाल उर्फ मझिला और राघवेंद्र कोरी के साथ शराब पी रहा था। शराब के नशे में पंकज ने यह स्वीकार किया कि उसने ही ब्रजेन्द्र के पिता की हत्या की थी। यह बात सुनकर पांचों युवक उग्र हो गए और गुस्से में आकर पंकज के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के बाद गला घोंटकर हत्या की।

## खाद की कालाबाजारी के खिलाफ किसानों का धरना-प्रदर्शन शुरू



**जबलपुर।** जबलपुर जिले में प्रमुख फसल धान व मक्का में किसानों को यूरिया व डीएपी खाद की आवश्यकता है। जिसकी आपूर्ति, वितरण व्यवस्था में भारी खामी व कालाबाजारी के चलते जिले का किसान परेशान हैं। मूंग खरीदी में स्लॉट बुकिंग में आ रही परेशानी के कारण किसान आंदोलन के मूड में है। भारतीय किसान संघ शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने बताया कि प्रशासन यूरिया डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रहा है लेकिन हकीकत यह है कि किसान यूरिया डीएपी के लिए रात रात भर लाइनों में लगने के बावजूद भी खाद वितरण केंद्रों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

तहसील मंत्री धरम पटेल ने बताया कि शहपुरा डबल लॉक में खाद वितरण व्यवस्था फेल है। किसान संघ के प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल कहा कि मूंग खरीदी में स्लॉट बुकिंग न होने से किसान परेशान है। जिसके कारण तय सीमा में मूंग उरद खरीदी संभव नहीं है। जिले भर के किसानों की मांग को लेकर आज तहसील शहपुरा के मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन कर किसानों की मांगों का ज्ञापन सौंपा जा रहा है।

धरना प्रदर्शन में किसान संघ के अखिल भारतीय व प्रांत के पदाधिकारी शामिल हुए। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों में प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, जिला मंत्री धनंजय पटेल तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, मंत्री धरम पटेल, संभाग उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, रामकृष्ण सोनी आदि सहित बड़ी संख्या में किसान प्रदर्शन में मौजूद रहे।

## बागेश्वर धाम: पं. शास्त्री आज से लगाएंगे दरबार

**छतरपुर। दोपहर मेट्रो**

छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम में पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का आज से दिव्य दरबार शुरू हो गया है। बता दें 4 अगस्त से 11 अगस्त तक रोजाना बागेश्वर धाम में दिव्य दरबार लगाया जाएगा और भक्तों के पर्चे बनाकर उनकी समस्याओं का निदान किया जाएगा। बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने स्वयं इस बात की जानकारी दी है। धीरेन्द्र शास्त्री 20 दिवसीय लंदन, ओमान और दुबई की कथा और आशीर्वचन यात्रा से रविवार की सुबह ही बागेश्वर धाम वापस लौटे हैं। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने अपनी विदेश यात्रा के अंतिम दिन आधिकारिक सोशल मीडिया पेज और वीडियो द्वारा दिव्य दरबार की जानकारी देश विदेश में रह रहे बागेश्वर धाम अनुयायियों प्रदान की थी,ताकि वे भी लाभ प्राप्त कर सकें।



## छापेमारी से खुला 19 लाख के गेहूं का राज

**बड़वानी। दोपहर मेट्रो**

गरीबों के मुंह से निवाला छीन कर खुले बाजार में राशन को ठिकाने लगाने का मामला सामने आया है। बड़वानी जिले के खेतिया में करीब 19 लाख रुपए का राशन का गेहूं और चावल जब्त किया गया है।। इस छापे के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। दरअसल, जिले के पानसेमल अनुविभाग के खेतिया में रविवार शाम एक जिनिंग फैक्ट्री परिसर से करीब 19 लाख रुपए मूल्य के सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के गेहूं और चावल जब्त किए गए हैं। बड़वानी कलेक्टर काजल जावला ने बताया कि अवैध रूप से अनाज के संग्रहण की एक सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पानसेमल के एसडीएम रमेश सिसोदिया, तहसीलदार और सहायक आपूर्ति अधिकारी को श्रीनाथ जिनिंग एवं ख्याति जिनिंग के परिसर की जांच करने भेजा गया।

**गरीबों का निवाला बेचने की साजिश**

**मेट्रो एंकर**

### आज से शुरू हो रही भर्ती प्रक्रिया 15 अगस्त तक चलेगी

# 10 जिलों के युवा अग्निवीर के लिए आजमाएंगे किस्मत

**शिवपुरी। दोपहर मेट्रो**

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में आज अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। 15 अगस्त तक तक चलने वाली इस रैली में सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, दतिया, श्योपुर, मुरैना, भिंड एवं ग्वालियर जिलों से चयनित कुल 10,114 युवा अभ्यर्थी भाग लेंगे।

भर्ती डायरेक्टर कर्नल पंकज कुमार ने बताया कि भर्ती स्थल पर अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा, दस्तावेज परीक्षण तथा चिकित्सा परीक्षण की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी (एवी जीडी), अग्निवीर क्लर्क/स्टोरकीपर (एवीसीएलके/एसकेटी), अग्निवीर ट्रेड्समैन (एवीटीडीएन) तथा अग्निवीर टेक्निकल (एवीटीईसीएच) कैटेगरी में भर्ती की जाएगी।



उन्होंने बताया कि पहले सागर जिले से भर्ती की प्रक्रिया आरंभ होगी, जिसमें 570 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं, दूसरे दिन 05 अगस्त को छतरपुर (296) और भिंड (446) से कुल 742 युवाओं को आमंत्रित किया गया। अगले दिन 06 अगस्त को टीकमगढ़ (407) और भिंड (446) से कुल 853 अभ्यर्थी, 07 अगस्त को भिंड (716) और मुरैना (144) से कुल 860 आवेदक, 08 अगस्त को दतिया (330) और मुरैना (535) के कुल 865 अभ्यर्थी, 09 अगस्त को निवाड़ी (317) एवं मुरैना (558) के कुल 875 अभ्यर्थी, 10 अगस्त को श्योपुर (112) और मुरैना (750) से कुल 862 अभ्यर्थी, 11 अगस्त को ग्वालियर (785) और मुरैना (108) के 893 अभ्यर्थी रैली में भाग लेंगे। इसी प्रकार 12 अगस्त को शिवपुरी जिले से 700 एवं मुरैना जिले से क्लर्क/स्टोरकीपर ट्रेड के 225 अभ्यर्थी, 13 अगस्त को मुरैना जिले से क्लर्क/स्टोरकीपर ट्रेड के 310 अभ्यर्थी तथा ट्रेड्समैन 10वीं और 8वीं श्रेणी की भर्ती होगी, जिसमें सभी जिलों से क्रमशः 313 और 326 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

14 अगस्त को टेक्निकल कैटेगरी (एवीटीईसीएच) में मुरैना को छोड़कर शेष सभी जिलों से 971 अभ्यर्थी को बुलाया गया है। भर्ती का समापन 15 अगस्त को मुरैना जिले से टेक्निकल ट्रेड के 749 अभ्यर्थियों की उपस्थिति के साथ होगा।

कर्नल पंकज कुमार ने बताया कि वर्तमान में वर्षा का मौसम होने से अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे दस्तावेज, भोजन सामग्री एवं पानी के लिए साथ लाया गया बैग वॉटरप्रूफ रखें, ताकि किसी भी परिस्थिति में सुविधा बनी रहे। अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र पर उल्लिखित सभी निर्देशों का पालन करें तथा समय पर भर्ती स्थल पर उपस्थित हों। संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया अनुशासन व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जा रही है।

# ओवल टेस्ट का बादशाह कौन आज होगा फैसला

# जीत के लिए भारत को चाहिए चार विकेट, इंग्लैंड को चाहिए 35 रन



## रूट और हैरी ब्रूक ने शतकीय पार्टनरशिप करके इंग्लैंड को मुकाबले में लौटाया

खेल के चौथे दिन बेन डकेट और ओली पोप ने संभली शुरुआत की और दूसरे विकेट के लिए 32 रन जोड़े। डकेट फिफ्टी जड़ने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर केएल राहुल के हाथों लपके गए। डकेट ने 83 गेंद पर 54 रन बनाए, जिसमें 6 चौके शामिल रहे। बकेट के बाद इंग्लैंड ने ओली पोप का विकेट सस्ते में गंवा दिया, जो मोहम्मद सिराज की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। पोप के आउट होने के समय स्कोर 106/3 था। यहां से जो रूट और हैरी ब्रूक ने शतकीय पार्टनरशिप करके इंग्लैंड को मुकाबले में लौटाया। ब्रूक ने तूफानी बैटिंग करते हुए 6 चौके और दो छक्के की मदद से महज 39 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। वहीं जो रूट ने भी अपने अंदाज में बैटिंग की और 6 चौके की मदद से 81 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

### ब्रूक ने 91 गेंदों में ही ठोंक दिया शतक

देखा जाए तो हैरी ब्रूक और जो रूट ने चौथे दिन के खेल के दूसरे सेशन में भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए। दोनों ने आसानी से रन बटोरे। ब्रूक ने 91 गेंदों पर शतक पूरा कर लिया, जिसमें 12 चौके और दो छक्के शामिल रहे। ब्रूक 111 रन (98 गेंद, 14 चौके और 2 छक्के) बनाकर आकाश दीप की गेंद पर आउट हुए। ब्रूक और रूट के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी हुई। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद जो रूट और जैकब बेथेल ने इनिंग्स को आगे बढ़ाया। रूट तीसरे सेशनल की शुरुआत में अपना शतक जडा। रूट ने 12 चौकों की मदद से 137 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। रूट के टेस्ट करियर का ये 39वां शतक रहा। रूट के शतक बनाने के बाद मैच में ट्विस्ट आया। पहले जैकब बेथेल (5 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड किया। फिर रूट (105 रन) को भी प्रसिद्ध कृष्णा ने पवेलियन चलता कर दिया।

## टीम इंडिया की पांच गलतियां जो हार का बनेगी सबसे बड़ा कारण

**लंदन, एजेंसी**

**भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का आखिरी टेस्ट मैच लंदन के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर जारी है। इस मुकाबले में चौथे दिन (3 अगस्त) का खेल समाप्त हो चुका है। इंग्लैंड की टीम का स्कोर 339 रन है और उसके 6 विकेट गिरे हैं। जेमी ओवर्टन 0 और जेमी स्मिथ 2 रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड जीत से 35 रन दूर है। भारत को चार विकेट चाहिए। अब पांचवें दिन इस मैच का फैसला होगा। चौथे दिन का खेल बारिश के चलते जल्दी समाप्त करना पड़ा।**

मुकाबले में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रनों का टारगेट दिया है। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 224 और इंग्लैंड ने अपनी पहली इनिंग्स में 247 रन बनए। इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 23 रन की मामूली बढ़त मिली। फिर भारतीय टीम की दूसरी पारी 396 रन पर सिमटी। यह मुकाबला शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को तभी बराबर कर पाएगी, जब वो इस मुकाबले में जीत दर्ज करेगी। अगर ओवल टेस्ट ड्रॉ पर छूटा या इंग्लैंड ने जीत हासिल की तो भारतीय टीम सीरीज गंवा देगी।

### ऐसी रही है इंग्लैंड की दूसरी पारी

रनचेज के दौरान दूसरी पारी में इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी रही। जैक क्राउली और बेन डकेट ने मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रनों की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप को तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तोड़ा, जिन्होंने तीसरे दिन के खेल में आखिरी गेंद पर जैक क्राउली को बोल्ड किया।

## टीम इंडिया की पांच बड़ी गलतियां

अब हम आपको बताने जा रहे हैं भारत द्वारा की गई चौथे दिन उन 5 गलतियों के बारे में, जिनकी वजह से टीम इंडिया मैच नहीं जीत पाई। अगर भारत यह गलतियां नहीं करता तो शायद मैच पांचवें दिन जाता ही नहीं।

### मोहम्मद सिराज का कैच छोड़ना

मोहम्मद सिराज ने बाउंड्र लाइन पर एक बड़ा ब्लंडर किया था। उन्होंने हैरी ब्रूक को 19 रन पर जीवनदान दिया था, जिसके बाद वह शतक बना गए। सिराज ने ब्रूक का कैच पकड़ लिया था। लेकिन, वह बाउंड्री रोप पर खड़े हो गए थे।

### इंग्लैंड को हावी होने देना

भारतीय टीम ने मैच के चौथे दिन हैरी ब्रूक और जो रूट को अपने ऊपर हावी होने दिया था। ब्रूक और रूट जब खेल रहे थे तो इंग्लैंड आसानी के साथ रन बना रही थी।

### स्पिनर्स को देरी से लाना

शुभमन गिल ने काफी लंबे समय तक तेज गेंदबाजों से ही गेंदबाजी करवाई। वह अपने स्पिनर्स वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा को देरी से गेंदबाजी करने के लिए लेकर आए।

### बिना एग्रेशन के गेंदबाजी करना

चौथे दिन एक समय मैच में ऐसा था जब भारतीय टीम के कंधे झुक गए थे। उनका एग्रेशन नहीं दिख रहा था, जिसका इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट और हैरी ब्रूक ने पूरा फायदा उठाया।

### तेजी से इंग्लैंड को रन बनाने देना

हैरी ब्रूक और जो रूट के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रन की साझेदारी हुई। दोनों ने मिलकर भारतीय टीम के खिलाफ तेजी से रन बनाए। दोनों मैच को भारत की गिरफ्त से काफी दूर ले गए थे। लेकिन, हैरी ब्रूक की विकेट के बाद सब कुछ बदल गया। भारत अब भी यह मैच पांचवें दिन जीत सकता है

## ब्राजील फुटबॉल टीम फिर चैंपियन,



क्विटो (इक्वाडोर)। छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई।

## राफेल कैमारा ने किया 2025 एफआईए फॉर्मूला 3 चैंपियनशिप पर जमाया कब्जा

**बुडापेस्ट, एजेंसी**



**राफेल कैमारा ने 2025 एफआईए फॉर्मूला 3 ड्राइवर्स चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। यह इस सीजन उनकी चौथी जीत रही। ट्राइडेंट ड्राइवर ने पोल पोजीशन को जीत में बदला। उन्होंने हर लैप में बढ़त बनाए रखते हुए दबदबा बनाया। कैमारा की इस जीत ने उन्हें केवल एक राउंड शेष रहते 48 अंकों की बढ़त दिला दी, जिससे वह 2025 के चैंपियन बन गए। पूरे सीजन निरंतरता और गति ने उन्हें एक रेस शेष रहते ही खिताब दिला दिया।**

चैंपियनशिप जीतने के बाद कैमारा ने कहा, अभी-अभी फीचर रेस पूरी की और चैंपियनशिप भी खत्म हो गई। पूरे सीजन में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि हम शुरुआत से ही बहुत मजबूत रहे हैं। अब हम थोड़ा आराम कर सकते हैं। इस पल का आनंद ले सकते हैं। चैंपियनशिप के दौरान पलों का आनंद लेना हमेशा मुश्किल होता है। आपको हमेशा फोकस करना होता है, इसलिए बस पल का आनंद लें। मेरा उत्साह बढ़ाने के लिए सभी का धन्यवाद। रेस की शुरुआत रोलिंग स्टार्ट के साथ हुई, जिसमें कैमारा ने मारी बोया और तुक्का तपोनेन को पछाड़ा। बोया ने शुरुआत में दबाव बनाए रखा, सबसे तेज लैप सेट किया और लैप 3 पर आगे बढ़ने की कोशिश की, लेकिन चुनौती देने लायक पकड़ नहीं बना पाए।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**

## किंग खान को मिला नेशनल अवॉर्ड, बेस्ट फ्रेंड जूही ने कहा - आप इसके हकदार



मुंबई। बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान को नेशनल अवॉर्ड मिला है। इस पर सभी स्टार्स उन्हें बधाई दे रहे हैं। उनकी बेस्ट फ्रेंड जूही चावला कैसे पीछे रह सकती हैं। उन्होंने रविवार को अपनी और शाहरुख की फोटो शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही कहा कि ये करीब दो दशक बाद के लंबे अरसे बाद आया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ÷शाहरुख खान आपको बहुत-बहुत बधाई नेशनल अवॉर्ड जीतने के लिए। मैं आपके लिए बहुत खुश हूं। आप इसके हकदार थे। आप अपनी हर फिल्म को अपना शत-प्रतिशत देते हैं। आगे बढ़ते रहिए। आपको और आपकी टीम को ढेर सारा प्यार और फिर से बधाई। शाहरुख खान को फिल्म जवान के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड दिया गया है। उन्होंने अवॉर्ड विक्रांत मैसी के साथ शेयर किया, जिन्हें 12वीं फेल के लिए भी यही पुरस्कार दिया गया है। 33 साल के करियर में शाहरुख का यह पहला नेशनल अवॉर्ड है। अवॉर्ड जीतने के बाद बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर कर सबका आभार जताया था। वीडियो में उन्होंने कहा कि मुझे राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद। जूरी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का धन्यवाद। इस सम्मान के लिए भारत सरकार का शुक्रिया। मुझ पर बरस रहे प्यार से अभिभूत हूं। उन्होंने कहा था कि जवान फिल्म के डायरेक्टर और पूरी टीम को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस फिल्म में काम करने का मौका दिया। यह अवॉर्ड मेरे लिए एक रिमाइंडर है। एक्टिंग सिर्फ काम नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी है।

## तमन्ना भाटिया ने बताया, एडल्ट फ्रेंडशिप क्यों सबसे अच्छी होती है



**इस फ्रेंडशिप डे पर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने बताया कि जहां सब स्कूल और कॉलेज के दोस्तों की बात करते हैं, वहीं उनके हिसाब से बड़ों की दोस्ती (एडल्ट फ्रेंडशिप) सबसे अच्छी होती है। तमन्ना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए एडल्ट फ्रेंडशिप के फायदे बताए। इस वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना गया, आप जानते हैं, बड़ों की दोस्ती सबसे अच्छी होती है। यह ऐसा है जैसे मैं जिस भी दोस्त से बात करती हूं, हमारी हर कॉल आई लव यू के साथ समाप्त होती है।**

हर फोन कॉल इस बारे में होती है कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं, और यह एक गलत धारणा है कि आप अपने सबसे अच्छे दोस्तों से स्कूल और कॉलेज में मिलते हैं। मुझे लगता है कि एडल्ट फ्रेंडशिप सबसे अच्छी होती है। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए तमन्ना की करीबी दोस्तों में से एक राशा थडानी ने कमेंट सेक्शन में टिप्पणी की, उन्होंने लिखा, मैं तुमसे प्यार करती हूं, तुम मुझे रुला दोगी। काजल अग्रवाल ने लिखा, ओह, मैं तुमसे प्यार करती हूं! हैप्पी फ्रेंडशिप डे, मेरी प्यारे तमू। मृणाल ठाकुर ने लिखा, ओह, मुझे रोना आ रहा है। मृणाल ने तमन्ना की पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक भावुक संदेश के साथ रीशेयर भी किया। बाहुबली अभिनेत्री पर प्यार बरसाते हुए उन्होंने लिखा, जिंदगी व्यस्त और अस्त-व्यस्त हो सकती है, लेकिन आप जैसे दोस्तों के साथ सब कुछ अच्छा लगता है। आप मेरे जीवन में ढेर सारी खुशियां और प्यार लेकर आती हैं और मैं हमेशा आपकी आभारी रहूंगी । लव यू।

### अगली फिल्म की तैयारी में व्यस्त अभिनेत्री

अभिनेत्री तमन्ना वर्तमान में अपनी अगली फिल्म वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में व्यस्त हैं, जहां वह पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। इस फिल्म के मनोरंजक टीजर में तमन्ना को पौराणिक कथाओं और रहस्यवाद की दुनिया में कदम रखते हुए दिखाया गया है। वह नंगे पैर किसी नुकीली चीज पर कदम रखती हुई दिखाई देती हैं, वह हिचकती हैं लेकिन फिर भी नहीं रुकतीं। एक जलती हुई मशाल लिए वह एक अंधेरे जंगल में जाती हैं। अरुणाभ कुमार द्वारा निर्देशित, वन -फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर (टीवीएफ) की ओर से बनाई जा रही है।



**मेट्रो बाजार**

## भारत फास्ट पेमेंट में ग्लोबल लीडर, जुलाई में कुल यूपीआई ट्रांजेक्शन 19 अरब के पार

**मुंबई।** मोबाइल के जरिए दिन के चौबीसों घंटे और साल के 365 दिन तुरंत मनी ट्रांसफर किए जाने की सुविधा के साथ यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की लोकप्रियता तेजी से बढ़ती जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, लोकप्रिय यूपीआई के माध्यम से लेनदेन की संख्या बीते महीने जुलाई में 19.47 अरब के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो कि सालाना आधार पर 35 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसी तरह, यूपीआई के जरिए लेनदेन का कुल मूल्य 25.08 लाख करोड़ रुपए दर्ज



किया गया, जो मई में दर्ज 25.14 लाख करोड़ रुपए के बाद दूसरा उच्चतम स्तर था। लेनदेन के मूल्य में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एनपीसीआई के अनुसार, जुलाई में यूपीआई के जरिए एवरेज डेली ट्रांजैक्शन काउंट 628 मिलियन और एवरेज डेली ट्रांजैक्शन अमाउंट 80,919 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। अकेले जून 2025 में यूपीआई के जरिए 24.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक के भुगतान किए और कुल 18.40 अरब लेनदेन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 अरब लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक वर्ष में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## सिर्फ 1 रुपये में 30 दिन की सर्विस, रोज कॉलिंग-डेटा और बहुत कुछ

बीएसएनएल ने एक नया रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है, जो सीमित समय के लिए है। सरकारी टेलीकॉम कंपनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए इस प्लान की जानकारी शेयर की है। ये प्लान कंपनी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पेश किया है, जो खास ऑफर्स के साथ आता है। कंपनी ने इस प्लान को फ्रीडम ऑफर के तहत पेश किया है, जिसमें डेटा, कॉलिंग और दूसरे बेनिफिट्स मिल रहे हैं। इसमें आपको डेली 2 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग का बेनिफिट मिलेगा।



बीएसएनएल का स्वतंत्रता दिवस आफर की कीमत 1 रुपये है और ये 30 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है। इस दौरान कंज्यूमर्स को 2जीबी डेटा डेली मिलेगा, जो 4G होगा। इसके अलावा कंपनी अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और डेली 100 स्म्स भी ऑफर कर रही है। FUP लिमिट खत्म होने के बाद इंटरनेट स्पीड y®Kbps हो जाएगी। BSNL फ्री में yG SIM कार्ड ऑफर कर रही है। कंज्यूमर्स बिना किसी एक्स्ट्रा कॉस्ट के फ्रीडम ऑफर के तहत फ्री yG SIM Card ले सकते हैं। ध्यान रखें कि ये ऑफर सीमित समय के लिए हैं। ये प्लान सिर्फ नए बीएसएनएल कंज्यूमर्स के लिए है। यानी पुराने ग्राहकों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। ये प्लान 30 दिनों के लिए होगा। इसका फायदा आपको 1 अगस्त से 31 अगस्त के बीच ही मिलेगा। ऑफर को हासिल करने के लिए आपको बीएसएनएल कॉमन सर्विस सेंटर पर जाना होगा।

## मछली पकड़ने गया निगम ठेकेदार हथाईखेड़ा डेम में डूबा, मौत

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित हथाईखेड़ा डेम में मछली पकड़ने पहुंचे युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के समय वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस नगर निगम के गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि 40 क्वार्टर, पिपलानी निवासी मनोज शमशेरिया पिता बसंत (24) नगर निगम में सफाई ठेकेदार था। रविवार को वह अपने पड़ोस में रहने वाले रितिक शमशेरिया के साथ मछली पकड़ने बस्ती के दूसरी ओर हथाईखेड़ा डेम किनारे गया। वहां और भी लोग मछली पकड़ रहे थे। इस बीच मनोज व रितिक एक किनारे से डैम के दूसरे किनारे की ओर जाने लगे। उन्हें अहसास नहीं था कि बीच में पानी गहरा है। लिहाजा दोनों डूबने लगे। किसी तरह रितिक तैरकर पानी से बाहर आ गया, लेकिन मनोज गहरे पानी में डूब गया। लोगों का कहना है कि दोनों अच्छी तरह तैरना नहीं जानते थे। दोनों दोस्तों को डूबता देख वहां मौजूद दूसरे लोग भाग खड़े हुए जबकि एक युवक ने मछली पकड़ने वाली बांस की छड़ी डालकर मनोज को बचाने का प्रयास किया था।

### उज्जैन का टिकट लिया, ट्रेन में बैठती इससे पहले पुलिस ने सकुशल किया बरामद

# घूमने निकली 3 नाबालिग, देर हुई तो डर के कारण पहुंचीं स्टेशन, पुलिस ने पहुंचाया घर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर पुलिस ने अपने इलाके से लापता हुई एक नाबालिग और कमला नगर से उसके साथ लापता हुई दो नाबालिगों को सकुशल बरामद कर परिजन को सौंप दिया है। तीनों नाबालिग शनिवार शाम घर से बिना बताए निकली थी। यहां वहां घूमने में उन्हें देरी हो गई तो डर के कारण वह घर नहीं लौटी और सीधे रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी। यदि समय रहते पुलिस उन्हें तलाश नहीं करती तो वह उज्जैन निकल जाती। दरअसल, उन्होंने उज्जैन का टिकट भी ले लिया था।

थाना प्रभारी गौरव सिंह दोहरे ने बताया कि कमला नगर इलाके से दो नाबालिग और उनके इलाके से एक नाबालिग शनिवार शाम 6 बजे रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। परिजन ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। रात आठ बजे तक परिजन उनकी तलाश की तो पता चला कि वह आखिरी बार अटल पथ पर देखी गई थी।



रात करीब दस बजे तक परिजन ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजन ने थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस हरकत में आ गई। परिजन से पूछताछ की गई तो पता चला कि तीनों नाबालिगों में एक नाबालिग के पास मोबाइल है, लेकिन वह किसी का भी कॉल रीसिव नहीं कर रही है।

### मोबाइल टावर से निकाली लोकेशन


जब पुलिस ने मोबाइल की टावर लोकेशन निकाली तो लोकेशन भोपाल रेलवे स्टेशन की निकली। पुलिस ने जीआरपी और आरपीएफ की मदद ली और टीटी नगर पुलिस की एक टीम भोपाल स्टेशन पर पहुंची। वहां तीनों नाबालिग मिल गई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे घर से साथ घूमने निकली थी। उन्हें घर लौटने में देरी हो गई। माता पिता की फटकार से डरकर तीनों रेलवे स्टेशन चली गई, वहां से उज्जैन का टिकक खरीदा। वे उज्जैन जाने वाली थी। इससे पहले पुलिस ने उन्हें देख लिया।

### मांस की बिक्री की तो ननि लाइसेंस करेगा निरस्त

**भोपाल।** राजधानी में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से लेकर 21 अक्टूबर तक आने वाले महत्वपूर्ण 10 अलग-अलग दिनों में शहर में मांस-मछली की बिक्री नहीं होगी। नगर निगम ने मांस विक्रेताओं को अल्टीमेटम दिया है कि इन दिनों अगर कोई मांस बेचते हुए पाया गया तो लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि त्योहारों व अन्य महत्वपूर्ण तिथियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

## उत्तर प्रदेश से भागकर आए युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित सइद कॉलोनी में उत्तर प्रदेश से भागकर आए युवक ने फांसी लगा ली। उसका



मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और अभी शुक्रवार को ही वह भोपाल पहुंचा था। पुलिस ने शव पीएम के बाद पिता को सौंप दिया है। पिता उसका शव लेकर यूपी निकल गए। वहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस के अनुसार नूरुल हक पिता इम्तियाज (18) जिला कन्नौज, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। उसके पिता इम्तियाज ने पुलिस को बताया कि नुरुल का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और वह घर से अक्सर भाग जाता था। गत शुक्रवार को भी घर से भागकर भोपाल पहुंच गया था। भोपाल में उसके दादा का मकान है। मकान के तीन हिस्से हो चुके है, जिसमें नुरुल के चाचा और ताऊ रहते हैं। चाचा फिरोज ने पुलिस को बताया कि नुरुल को लेने उसके पिता उत्तर प्रदेश से सुबह ही भोपाल पहुंचे थे। उन्हें आज ही नुरुल को लेकर उत्तर प्रदेश लौटना था। इससे पहले नुरुल ने अंदर कमरे में फांसी लगा ली।

## ट्रेन से टकराकर युवक की मौत



**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर में रविवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय युवक ट्रेन से टकरा गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि रंजीत सिंह पिता हिम्मत सिंह (30) गांव खजूरी बर्ररा, थाना करारिया, जिला विदिशा का रहने वाला था। वह करोंद चौराहा पर रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार सुबह वह अपने दोस्त के साथ बाइक से काम पर निकला था। भानपुर पहुंचने पर उसने दोस्त से कहा कि उसे लघुशंका आ रही है। दोस्त ने रेलवे ट्रैक के पास बाइक खड़ी की। इसके बाद बाइक से उतरकर रंजीत रेलवे ट्रैक की दूसरी तरफ जाने लगा। वह रेलवे ट्रैक पर पहुंचा ही था कि उसे ट्रेन चपेट में लेते हुए निकल गई। ट्रेन से टकराने के कारण वह उछलकर कर बाहर की तरफ गिरा था। उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। खून अधिक बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

# न्यूमार्केट में मनोचिकित्सक की जेब कटी, बैग से पर्स चोरी

**पर्स में रखे क्रेडिट कार्ड से पैसे निकालने का किया प्रयास, मिनिमम बैलेंस का मैसेज पहुंचा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू मार्केट इलाके में शॉपिंग करने पहुंची मनोचिकित्सक डॉक्टर रूमा भट्टाचार्य के बैग से अज्ञात जेबकट ने पर्स चुरा लिया। पर्स में सोने की चेन, साढ़े पांच हजार की नगदी और क्रेडिट कार्ड सहित पेन कार्ड और आधार कार्ड था। घटना के समय वह वह सोने की चेन रिपेयरिंग कराने गई थीं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जेबकट की तलाश शुरू कर दी है। दुकान का सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर पता चला कि कैमरे में केवल रिकार्डिंग चल रही है, लेकिन रिकॉर्डिंग सुरक्षित नहीं हो रही है।



पुलिस के अनुसार मनोचिकित्सक डॉ. रूमा भट्टाचार्य (55) रविवार शाम करीब चार बजे शॉपिंग करने न्यू मार्केट गई थी। उसी दौरान एक जनरल स्टोर से खरीददारी करते समय किसी ने उनके बैग में रखा छोटा पर्स चोरी कर लिया। संदेह होने पर जब उन्होंने बैग चेक किया तो उसमें पर्स नहीं था। उनका कहना है कि किसी बदमाश ने तीन से चार मिनट के बीच पर्स चोरी किया है। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए फरियादिया ने बताया कि शॉपिंग करने के अलावा वह अपनी पुरानी सोने की चेन भी रिपेयरिंग कराने गई थीं, लेकिन इससे पहले ही किसी बदमाश ने पर्स चोरी कर लिया।

# बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी पर जा रहे युवक की जेब से मोबाइल झपटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज पर बाइक सवार दो बदमाशों ने स्कूटी सवार युवक का मोबाइल झपट लिया। युवक लालघाटी से बिजली नगर कॉलोनी स्थित अपने घर जा रहा था। इसी बीच बदमाशों ने भानपुर ब्रिज पर उसकी शर्ट की जेब में रखा मोबाइल झपट लिया। वारदात के बाद बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।**



पुलिस के अनुसार यशवंत शर्मा (45) बिजली नगर कॉलोनी, रायसेन रोड पर रहते है और निजी कंपनी में ऑनलाइन काम करते हैं। काम के सिलसिले में यशवंत शनिवार रात लालघाटी गए थे। वहां से घर लौटते समय करीब पौने 9 बजे भानपुर ब्रिज तक पहुंचे ही थे कि बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका पीछा किया और उनकी शर्ट के जेब में रखा हुआ मोबाइल झपटकर फरार हो गया। वारदात के तुरंत बाद वह थाने पहुंचे और मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी नहीं लगे हैए फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## रिटायर्ड डीएसपी की बेटी की कार का कांच तोड़कर लैपटॉप चोरी



**भोपाल।** एमपी नगर में कार को निशाना बनाकर अंदर रखा बैग, सहित अन्य सामान चुराने वाला गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। हालांकि अभी तक कार का कांच तोड़कर लैपटॉप चुराने की एक की शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने ब्रांडेड सेल में लगा सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो एक बदमाश वारदात को अंजाम देता हुआ नजर आया है। हालांकि कैमरे और कार की दूरी अधिक होने के कारण आरोपी का हुलिया और चेहरा दोनों ही नजर नहीं आया है। एमपी नगर जोन वन में ब्रांडेड सेल दुकान के सामने वारदात पुलिस के अनुसार विधि चौधरी पति आदित्य चौधरी (30) अयोध्या नगर में रहती हैं। मिनाल रेसीडेंसी में उनका ससुराल है। वह मुंबई की एक कंपनी में नौकरी करती हैं और रक्षा बंधन का पर्व होने के कारण भोपाल आई हुई है। शनिवार शाम वह अपनी कार से एमपी नगर पहुंची। उन्होंने कार ब्रांडेड सेल के पास जोन वन एमपी नगर में खड़ी की। कार खड़ी करने के बाद वह डीबी मॉल पहुंची। दरअसल, उन्हें रक्षा बंधन में अपने भाई को शर्ट गिफ्ट करनी थी। वह डीबी मॉल से शर्ट खरीदकर कार के पास लौटी तो कार में को पेसेंजर साइट के पीछे वाली सीट की खिड़की का कांच टूटा मिला। अंदर देखने पर पता चला कि चोर कांच तोड़ने के बाद अंदर रखा लैपटॉप का बैग चुराकर ले गया है। उन्होंने घटना की शिकायत तत्काल एमपी नगर पुलिस थाने पहुंचकर की।

## लापरवाही से बाइक चला रहे युवक ने कारचालक को पीटा

**भोपाल।** सूखीसेवनिया क्षेत्र में लापरवाही से बाइक चला रहे युवकों को टोकना एक कार चालक को भारी पड़ गया। बाइक सवार युवक



उसकी कार के सामने लहराकर बाइक चला रहे थे, कार चालक ने उन्हें टोका तो मारपीट शुरू कर दी और फिर उनकी कार में भी तोड़फोड़ कर भाग निकले। शिकायत पर सूखीसेवनिया थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है।एसआइ राजेश दंडोतिया के अनुसार तुलसीराम प्रजापति चोपड़ा कलां में रहते हैं। अमोनी के जंगल में उनका ईंट के भट्टे का कारोबार है। वह अपने दो भाईयों के साथ भट्टे से घर की ओर लौट रहे थे। शिकायत में उन्होंने बताया कि अमोनी के पास से कुछ बाइक सवार युवक उनकी कार के सामने बार-बार लापरवाही पूर्वक बाइक चला रहे थे। उन्हें टोका तो यह वारदात हुई।

# नाइट क्लब पर क्राइम ब्रांच की सख्ती अब देर तक पार्टी पर होगी कार्रवाई

**नाइट क्लब और पबों में शुरू किया सफाई अभियान, रेव पार्टी हुई तो संचालक की खेर नहीं**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के क्लब और पबों में अब नाइट पार्टी की तो कार्रवाई की जाएगी। क्राइम ब्रांच ने सभी नाइट क्लब और पबों को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में प्रतिबंधित नशा करते हुए यदि पब या क्लब में कोई मिलता है तो संचालक और स्टाफ पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लायसेंस जब्ती की भी कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। यह सब गत दिनों पब में एमडी की तस्करों द्वारा पब और क्लब में नशा परोसने के कारण हुआ। क्राइम ब्रांच अब ऐसे पब और नाइट क्लब के



संचालक पर भी कार्रवाई करेगी, जिन्होंने अपने संस्थान में काम करने वाले कर्मचारियों चरित्र सत्यापन नहीं कराया है। पब और क्लब को नोटिस जारी किया गया है। यदि कोई भी कर्मचारी का आपराधिक रिकॉर्ड मिलता है कि उक्त कर्मचारी से भी पुलिस पूछताछ करेगी। साथ ही उसे पर बांड ओवर जैसी कार्रवाई की जाएगी। क्राइम ब्रांच ने राजधानी के ऐसे क्लब और पबों का चिट्ठा बनाकर तैयार कर लिया है, जहां देर रात तक पार्टियां चलने की शिकायत मिलती हैं।

**मेट्रो एंकर**

### ईटखेड़ी के लांबाखेड़ा इलाके की घटना, ट्राला छोड़कर भागा चालक

# ट्राले ने मारी ऑटो को टक्कर, दो स्कूली बच्चे घायल

**भोपाल,दोपहर मेट्रो**

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा न्यू स्टार पेट्रोल पंप के सामने शनिवार दोपहर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्राले ने स्कूल बच्चों को घर छोडे जा रहे सीएनजी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेजी थी कि ऑटो बेकाबू होकर रोड पर पलट गया। हादसे में दो स्कूली बच्चों को चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक चौकसे नगर के पास ईटखेड़ी निवासी विनोद धुर्वे (38) का खुद का




सीएनजी ऑटो है और वह सवारी पर करोंद से ईटखेड़ी के बीच चलाते हैं। इसके अलावा वह चित्रांश स्कूल लाम्बाखेड़ा के बच्चों को लाने-ले जाने का काम भी करते हैं। विगत दो अगस्त की दोपहर करीब एक बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रहे थे। जैसे ही ऑटो लांबाखेड़ा न्यू स्टार पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा तभी पीछे से बायपास की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्राला के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए स्कूली बच्चों को ले जा रहे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो वहीं पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार स्कूल के छात्र समर लोधी के हाथ-पैरों में और छात्र संदीप यादव की बायीं कनपटी व हाथ में चोटें आई हैं। ऑटो में सवार अन्य बच्चों को कोई चोट नहीं आई। हादसे के बाद आरोपी चालक अपना ट्राला मौके पर छोड़कर भाग निकला। ऑटो चालक विनोद धुर्वे ने दोनों घायल छात्रों को पालीवाल अस्पताल बायपास में भर्ती कराया है। ऑटो चालक का कहना है कि उसे चोट नहीं आई है लेकिन ऑटो क्षतिग्रस्त हुआ है।

**कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल**
भदभदा रोड़ भोपाल-462003
E-mail: fdvanvnp.bpl@mp.gov.in Phone & Fax 0755-2674278
क्रमांक/भंडार/12430 भोपाल, दिनांक/25/7/25

**ई-निविदा सूचना**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल में निर्माण कार्यों के उपयोग हेतु जी.आई पाइप हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निर्माताओ/अधिकृत विक्रेताओ से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज/प्रपत्र वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु 500/- (पांच सौ रुपये) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card/ Debit card/ Internet banking भुगतान कर वेबसाइट https://mptenders.gov.in क्रय किये जा सकेंगे।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 01.08.2025
2. Bid Submission start date 01.08.2025 Time 04:00 PM
3- Pre-Bid Meeting date 13.08.2025 Time 11:00 AM
4. Bid Submission end date 21.08.2025 Time 04:00 PM
5. Bid Opening date 22.08.2025 Time 04:00 PM

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

संचालक
G-16625/25 वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022